दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली शनिवार 23 मई -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 150 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

जापानी कंपनियों का केंद्र बना हरियाणा
सीएम सैनी ने दी 'स्मार्ट स्टेट' की परिभाषा

जापानी कंपनियों का सबसे बड़ा केंद्र बना हरियाणा

मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा किस तरह जापानी संस्कृति को आत्मसात कर चुका है। वर्तमान में 394 से अधिक जापानी उद्योग और 600 से अधिक जापानी व्यावसायिक प्रतिष्ठान हरियाणा में सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल में मात्र 1.3% की हिस्सेदारी होने के बावजूद हरियाणा राष्ट्रीय औसत से अधिक तेज गति से देश की जीडीपी में योगदान दे रहा है। सीएम सैनी ने 'स्मार्ट स्टेट' की एक नई परिभाषा साझा करते हुए कहा कि उनके लिए स्मार्ट स्टेट का मतलब सिर्फ टेक्नोलॉजी या डिजिटल डैशबोर्ड तक सीमित नहीं है।

नई दिल्ली। दिल्ली में आयोजित 'जापान कॉन्क्लेव' के तीसरे संस्करण में भारत और जापान के बीच रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों का एक नया अध्याय देखने को मिला। इस कॉन्क्लेव में दोनों देशों के नीति-निमार्ताओं, राजनयिकों और उद्योग जगत के दिग्गजों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा की प्रगति, जापानी निवेश और भविष्य के रोडमैप को दुनिया के सामने रखा। सैनी ने अपने संबोधन में वैश्विक व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि आज के दौर में देश और राज्य केवल इंसेंटिव के दम पर निवेश आकर्षित नहीं कर सकते। अब प्रतिस्पर्धा सिर्फ इंसेंटिव पर नहीं, बल्कि ट्रस्ट, रिजिलियन्स और पार्टनरशिप पर हो रही है। इस बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत और जापान के संबंध दुनिया की सबसे विश्वसनीय साझेदारी बनकर उभरे हैं। जापान जहां प्रिसिशन टेक्नोलॉजी, अनुशासन और लॉन्ग-टर्म कमिटमेंट लेकर आता है, वहीं भारत स्केल, टैलेंट, ग्रोथ और एस्पिरेशन प्रदान करता है।

कॉन्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री से कुशल श्रम, भूमि अधिग्रहण और इंफ्रास्ट्रक्चर लॉजिस्टिक्स को लेकर सवाल पूछे गए, जिस पर उन्होंने सरकार की ठोस नीतियों को सामने रखा। उन्होंने कहा कि हरियाणा अब 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' से आगे बढ़कर 'स्पीड ऑफ डूइंग बिजनेस' की ओर बढ़ रहा है। राज्य का सिंगल रूफ क्लीयरेंस सिस्टम 140 से अधिक सेवाएं डिजिटल माध्यम से दे रहा है, जिससे अप्रूवल मिलने की समयसीमा 24 दिनों से घटकर मात्र 12 दिन रह गई है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा का दो-तिहाई हिस्सा एनसीआर में आता है। राज्य का हर जिला एक्सप्रेसवे और हाईवे के माध्यम से दिल्ली से अधिकतम 4 घंटे की दूरी पर है। दिल्ली से जापान जाने में 8 घंटे लगते हैं, और हरियाणा के किसी भी कोने से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने में मात्र 3 से 4 घंटे लगते हैं। यह हमारी कनेक्टिविटी की ताकत है।'

राज्य में पहले से ही 64 इंडस्ट्रियल स्टेट और झज्जर में जापानी इंडस्ट्रियल टाउनशिप सक्रिय हैं। अपनी पिछली जापान यात्रा का जिक्र करते हुए सीएम ने घोषणा की कि हरियाणा के नारायणगढ़ में एक नया जापानी क्लस्टर प्रस्तावित है।

44 डिग्री की तपिश के बीच बड़ा फैसला
गाजियाबाद के सभी स्कूलों में आज से ग्रीष्मावकाश घोषित

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। जनपद में पड़ रही प्रचंड गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए 23 मई शनिवार से गाजियाबाद के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश घोषित कर दिया गया है। यह आदेश जिले के बेसिक शिक्षा परिषद और माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबद्ध सभी बोर्ड के स्कूलों पर लागू होगा।

बताया गया है कि पिछले कई दिनों से तापमान 44 डिग्री के आसपास बना हुआ है और दोपहर के समय लू के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित कर रखा है। ऐसे में स्कूल आने-जाने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ने की आशंका को देखते हुए यह फैसला लिया गया। मौसम विभाग की चेतावनी और स्वास्थ्य संबंधी एडवाइजरी के बाद जिला प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग गाजियाबाद द्वारा जारी सूचना के अनुसार, जिलाधिकारी के आदेशों के क्रम में यह निर्णय लिया गया है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में संचालित सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों को आदेश का कड़ाई से पालन करना होगा। हालांकि सीबीएसई व अन्य बोर्ड परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित होती रहेंगी। जिला प्रशासन का कहना है कि बच्चों को भीषण गर्मी और लू से सुरक्षित रखना प्राथमिकता है। इसी कारण स्कूलों में अवकाश लागू करने का फैसला लिया गया ताकि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

निगम के नलकूप होंगे हाईटेक, स्काडा सिस्टम से होगा ऑटोमेटिक संचालन

10.54 करोड़ की परियोजना से 193 नलकूप जुड़ेंगे आधुनिक तकनीक से, नगर आयुक्त ने देखा प्रेजेंटेशन

गाजियाबाद, करंट क्राइम : शहर की जलापूर्ति व्यवस्था को आधुनिक और स्मार्ट बनाने की दिशा में गाजियाबाद नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। अब नगर निगम नलकूपों के संचालन को पूरी तरह हाईटेक बनाने जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इंदिरापुरम और कविनगर जोन में लगे बड़े एवं छोटे नलकूपों को स्काडा प्रणाली से जोड़ा जाएगा, जिससे नलकूपों का संचालन ऑटोमेटिक और मॉनिटरिंग डिजिटल माध्यम से हो सकेगी।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार इस परियोजना के तहत प्रथम चरण में कुल 193 नलकूपों को स्काडा प्रणाली से जोड़ा जाएगा। इनमें 20 से 40 एचपी क्षमता वाले 113 नलकूप तथा 20 एचपी से कम क्षमता वाले 80 नलकूप शामिल हैं। पूरी योजना पर लगभग 10 करोड़ 54 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से जलकल विभाग की कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनेगी। स्काडा प्रणाली लागू होने के बाद नलकूपों को निर्धारित समय पर स्वतः चालू और बंद किया जा सकेगा।

साथ ही मोबाइल पर ही नलकूपों की प्रतिदिन की रिपोर्ट अधिकारियों को उपलब्ध होगी, जिससे मॉनिटरिंग आसान हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इस तकनीक से बिजली की खपत पर भी विशेष नियंत्रण रखा जा सकेगा। यदि किसी नलकूप में वोल्टेज अप-डाउन की समस्या आती है या पानी नहीं आने के बावजूद मोटर चलती रहती है तो सिस्टम तत्काल अलार्म जारी करेगा। इससे मोटर एवं अन्य उपकरणों के खराब होने की घटनाओं में कमी आएगी और रखरखाव पर होने वाला अतिरिक्त खर्च भी घटेगा। नगर निगम द्वारा इस परियोजना के लिए निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी हैं। जून के प्रथम सप्ताह से कविनगर और इंदिरापुरम क्षेत्र में स्काडा प्रणाली लागू करने की तैयारी तेज कर दी गई है।

महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद ने बताया कि एएस इलेक्ट्रिकल्स, केएमबी इलेक्ट्रिकल्स और सर्वेश बिल्डर द्वारा प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए गए। प्रेजेंटेशन में अन्य शहरों में संचालित स्काडा परियोजनाओं की कार्यप्रणाली भी दिखाई गई। प्रेजेंटेशन के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, लेखाधिकारी अनुराग सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बकरीद को लेकर कमिश्नरेट पुलिस हाई अलर्ट
गोकशी, सड़क पर नमाज और खुले में कुबार्नी पर सख्ती



देहात क्षेत्र पर विशेष फोकस

करंट क्राइम : पुलिस सूत्रों के मुताबिक जूम मीटिंग में ग्रामीण क्षेत्र को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई। पुलिस कमिश्नर ने देहात जोन के कई थाना प्रभारियों को सीधे निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी हालत में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति पैदा नहीं होनी चाहिए। गांवों और कस्बों में लगातार पीस कमेटी की बैठकें आयोजित करने, धर्मगुरुओं से संवाद बनाए रखने और स्थानीय स्तर पर भरोसे का माहौल कायम रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी बढ़ाने के आदेश भी जारी किए गए हैं। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की तैयारी की जा रही है।

शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील

करंट क्राइम : पुलिस अधिकारियों ने आम जनता से भी अपील की है कि त्योहार को आपसी भाईचारे और कानून के दायरे में रहकर मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस कमिश्नरेट का कहना है कि त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद में बकरीद के त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। गुरुवार रात पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने जूम मीटिंग के माध्यम से सभी डीसीपी, एसीपी, थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की।

बैठक में कानून व्यवस्था को लेकर कई अहम दिशा-निर्देश जारी किए गए। पुलिस कमिश्नर ने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी हालत में गोकशी नहीं होने दी जाएगी। इसके साथ ही खुले स्थानों पर कुबार्नी और सड़कों पर नमाज पढ़ने पर पूरी तरह रोक रहेगी। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने और संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान अधिकारियों से कहा गया कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी जाए, ताकि कोई भड़काऊ पोस्ट या अफवाह माहौल खराब न कर सके। पुलिस अधिकारियों को हर छोटी-बड़ी सूचना पर तुरंत कार्रवाई करने और स्थानीय खुफिया तंत्र को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं।

कंट्रोल रूम रहेगा एक्टिव

करंट क्राइम : बैठक में मौजूद एडिशनल सीपी केशव चौधरी समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने कंट्रोल रूम को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों से कहा गया है कि त्योहार के दौरान किसी भी सूचना को हल्के में न लिया जाए और तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली जाए। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि इस बार पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध होने के कारण बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। एसीपी स्तर के अधिकारियों को भी लगातार फील्ड में सक्रिय रहने और संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करने के निर्देश दिए गए हैं।

कॉकरोच पार्टी को लेकर विधायक नंदकिशोर गुर्जर का बड़ा बयान
कहा कुछ विपक्षी ताकतें देश में गृह युद्ध जैसे हालात पैदा करने की साजिश कर रही हैं

गाजियाबाद, करंट क्राइम : लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कथित कॉकरोच पार्टी को लेकर बेहद सनसनीखेज दावे किए हैं। लोनी विधायक ने आरोप लगाया कि देश में सामाजिक और सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने के लिए सुनियोजित साजिश रची जा रही है। उनके बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कुछ विपक्षी ताकतें देश में गृह युद्ध जैसे हालात पैदा करने की साजिश कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि इस पूरे मामले में विदेशी फंडिंग और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी क्रककी भूमिका होने की जानकारी उन्हें मिली है। विधायक के अनुसार, कॉकरोच पार्टी नाम से चलाया जा रहा यह अभियान देश की एकता और भाईचारे को नुकसान पहुंचाने का प्रयास है।

विधायक ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान, बांग्लादेश समेत अन्य देशों के कट्टरपंथी तत्व इस कथित संगठन को समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू बहुल देश में आपसी सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से इस तरह की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। नंदकिशोर गुर्जर ने यह भी दावा किया कि उन्हें इस संबंध में जानकारी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक राष्ट्रीय महासचिव स्तर के नेता द्वारा दी गई है। लोनी विधायक ने कहा कि वह जल्द ही योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और कठोर कार्रवाई की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो देश की सामाजिक व्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

विधायक के बयान के बाद राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। हालांकि अभी तक उनके आरोपों के समर्थन में कोई आधिकारिक दस्तावेज या जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई है। विपक्षी दलों की ओर से भी इस बयान पर प्रतिक्रिया आने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल यह मामला राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के केंद्र में आ गया है और आने वाले दिनों में इस पर और बयानबाजी तेज होने के आसार हैं।

लोनी में अवैध होटलों पर भड़के विधायक नंदकिशोर गुर्जर

सीपी को लिखा सख्त पत्र, ओयो होटल और अवैध गेस्ट हाउसों पर बड़े अभियान की मांग



गाजियाबाद, करंट क्राइम : लोनी एमएलए नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे अवैध होटल, गेस्ट हाउस और ओयो होटल्स को लेकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विधायक लोनी ने पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखते हुए आरोप लगाया कि लोनी में बिना नियम-कायदों के कई होटल संचालित हो रहे हैं, जहां संदिग्ध गतिविधियों की लगातार शिकायतें मिल रही हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। विधायक ने अपने पत्र में साफ शब्दों में कहा कि क्षेत्र में कई होटल बिना वैध दस्तावेज, बिना पुलिस सत्यापन और बिना प्रशासनिक अनुमति के संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ओयो के नाम पर कमरे किराये पर देकर कानून व्यवस्था को चुनौती दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो लोनी का माहौल बिगड़ सकता है और युवाओं पर इसका गलत असर पड़ेगा। विधायक ने पुलिस प्रशासन से ऐसे होटलों की तत्काल जांच कर सीलिंग और कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस पर भी उठाए सवाल

करंट क्राइम : लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने यह भी सवाल उठाया कि आखिरकार पुलिस और प्रशासन की जानकारी के बिना इतने बड़े स्तर पर अवैध होटल कैसे संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों के क्षेत्र में ऐसे होटल चल रहे हैं, उनकी जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए। विधायक ने मांग की है कि लोनी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर, अवैध होटल और गेस्ट हाउसों की जांच हो। वहीं होटल संचालकों के लाइसेंस और दस्तावेज खंगाले जाएं। बिना आईडी और सत्यापन के कमरा देने वालों पर मुकदमा दर्ज हो। ओयो और ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर चल रहे संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की जाए। विधायक के इस सख्त रुख के बाद पुलिस और प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में लोनी क्षेत्र में अवैध होटलों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जा सकता है।

बात ठीक रही तो सपा कांग्रेस से गठबंधन का धर्म निभायेगी
शहर और मोदीनगर में से एक सीट हाथ वालों के पास जायेगी



गाजियाबाद, करंट क्राइम। चुनावी शंखनाद हो चुका है और समाजवादी खेमे में भी चुनावी मुनादी हो गयी है। समाजवादी खेमे में सभी कार्यकर्ताओं को अलर्ट मोड पर कर दिया गया है। उन्हें बता दिया गया है कि चुनावी रण के लिए तैयार रहें। लखनऊ वाली बैठक के बाद जो खबरें समाजवादी खेमे से आ रही है वो ये हैं कि समाजवादी कार्यकर्ता तैयार हो जायें। सपा सितम्बर के महीने से चुनावी मैदान में आ रही है। बूथ से लेकर जोन तक सभी संगठनात्मक कार्य पूरे हो जाने चाहिए। कार्यकर्ताओं को होमवर्क पूरा करने के निर्देश मिल गये हैं। सूत्र बताते हैं कि समाजवादी पार्टी ने सीटों को लेकर एक सर्वे कराया था और ये सर्वे भी पूरा हो गया है। सर्वे में सारे नाम दे दिये गये हैं। बता दिया गया है कौन ठीक है। इसके अलावा नामों को लेकर अभी संगठन से चर्चा बाकी है। समाजवादी पार्टी अपने चुनावी प्लान को फाईनल की ओर लेकर चल रही है। सूत्र बताते हैं कि अगर सियासी हालात ठीक रहे और सबकुछ ठीक रहा तो शहर या मोदीनगर में से एक सीट हाथ वालों के पास आयेगी। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन रहने की पूरी उम्मीद है। ऐसे में अब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सम्भावित दावेदारों ने तैयारी शुरू कर दी है। सितम्बर महीने से पहले संगठन अपनी बूथ सैक्टर और जोन की सभी टीमें तैयार कर लेगा।

मुरादनगर सीट पर आयेगा कांग्रेस के खाते से उम्मीदवार

करंट क्राइम। राजनीति समीकरणों का खेल है और इसमें पहले से कुछ नहीं कहाजा सकता, लेकिन चुनावी तैयारी में प्लान भी सामने आते हैं। फिलहाल जो इनपुट लखनऊ सूत्रों से मिल रहा है वो ये है कि मुरादनगर सीट पर समाजवादी पार्टी अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगी ये सीट कांग्रेस के खाते में जा सकती है यहां से कांग्रेस का कोई उम्मीदवार मैदान में आ सकता है।

मोदीनगर में हाथ और साईकिल का पेंच फंस सकता है।

करंट क्राइम। शहर और मोदीनगर ये दो विधानसभा सीट ऐसी हैं जहां गठबंधन वाले दोनों दल पूरा सियासी बल लगा रहे हैं। इन दोनों सीटों पर पेंच फंसा है और यहां दोनों ही दलों के पास चेहरे हैं और चुनाव से पहले एक बार फिर समीकरण को लेकर चिंतन मंथन होगा और उसी के बाद ये खुलासा होगा कि सीट हाथ वालों के पास आयेगी या साईकिल वालों के पास आयेगी।

लोनी सीट पर समाजवादी साईकिल का रहेगा चांस

करंट क्राइम। विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी इस बार समीकरण और चेहरा दोनों को साथ लेकर चल रही है। लोनी सीट गठबंधन में कांग्रेस के खाते में नहीं जा रही है यहां से समाजवादी पार्टी अपना उम्मीदवार लाने जा रही है। उम्मीदवार कौन से वर्ग से होगा, कौन सी जाति से होगा ये तय नहीं है। लेकिन ये सीट साईकिल के हिस्से में आयेगी और यहां भी समीकरण पर काम होगा।

सर्वे हो चुका है पूरा और नाम हो चुके हैं लगभग फाईनल

करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी चुनाव प्लान को लेकर लगातार काम कर रही है। उसकी बैठकों का दौर चल रहा है, वो सीटों पर गुणा भाग लगा रही है। सूत्र बताते हैं कि समीकरण पर काम हो रहा हैं और समीकरण के हिसाब से ही गठबंधन का टिकट तय होगा। चुनावी समीकरण में उम्मीदवार की जाती के वोट देखे जायेंगे। फिर टिकट मांगने वाले चेहरों की ताकत का आंकलन होगा और उसके बाद तय होगा। सूत्र बताते हैं कि सर्वे की रिपोर्ट आ चुकी है, सर्वे के नाम पहुंच चुके हैं। कुछ सीटों पर नाम लगभग तय हो चुके हैं। और दो सीट ऐसी हैं जहां तय होना बाकी है।

साहिबाबाद सीट पर अमरपाल शर्मा का नाम फाईनल

करंट क्राइम। जिस सीट पर भाजपा का जलवा माना जाता है उस सीट की सबसे रोचक बात ये है कि यहां अमरपाल शर्मा के सियासी जलवे को इग्नोर ही नहीं किया जा सकता। वो इस केसरिया गढ़ में हाथी पर सवार होकर विधानसभा पहुंचने वाले पहले विधायक हैं। केसरिया लहर में उन्होंने खोड़ा जैसी नगरपालिका चेयरपर्सन सीट जीती है। सूत्र बताते हैं कि साहिबाबाद सीट पर पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का चुनाव लड़ना तय है। यहां अगर सीट का कोट भी बदला तो भी उम्मीदवार अमरपाल शर्मा ही रहेंगे। सिम्बल हाथ का आये या साईकिल का आये उम्मीदवार वाले कॉलम में नाम अमरपाल शर्मा का ही आयेगा।

शहर सीट पर क्या फंस गया है किसी समीकरण वाला पेंच

करंट क्राइम। शहर सीट को लेकर अभी विचार होना बाकी है। सूत्र बताते हैं कि यहां समीकरण वाला कोई पेंच फंस गया है। शहर सीट पर कौन चेहरा कंसीडर होगा ये बाद की बात है पर पहले ये तय होगा कि ये सीट कांग्रेस के खाते में जायेगी या सपा यहां से अपना उम्मीदवार लड़ायेगी। कोटा तय होने के बाद ही चेहरों की बारी आयेगी। यहां पर समीकरण और फेस दोनों ही एक मजबूत आधार बनेंगे।

बूथ और जोन का कर लें फिर से रिवेरिफिकेशन

करंट क्राइम। साईकिल वाले दल में चुनावी प्लान तैयार हो गया है। चुनाव लड़ने वालों के नाम बाद में घोषित होंगे, लेकिन चुनाव लड़वाने वालों को दिशा निर्देश मिल चुके हैं। संगठन को निर्देश दे दिया गया है कि सैक्टर बूथ और जोन पर पूरी तरह से काम हो जाये। इसके बाद टीमों की वर्किंग की समीक्षा कर ली जाये। संगठन के पदाधिकारियों को बूथ सैक्टर पर जोन की रिवेरिफिकेशन करने के दिशा निर्देश मिल चुके हैं। सभी को ये निर्देश दे दिया गया है कि अपने अपने बूथ पर काम पूरा कर लें।

नीट छात्रा मामले पर सियासत तेज अजय राय के बिगड़े बोल से नया विवाद

मुख्यमंत्री आवास घेरने की चेतावनी, आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

महोबा। महोबा में अगवा कर प्रताड़ित की गई नीट छात्रा से मिलकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने 50 लाख की मदद मांगी और मुख्यमंत्री आवास घेरने की चेतावनी दी। इस बीच पीएम मोदी पर उनके द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी का वीडियो वायरल होने से भाजपा में भारी आक्रोश है। महोबा जिले में अपहरण व दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली नीट की तैयारी कर रही छात्रा से मिलने शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय महोबा पहुंचे।

उन्होंने पीड़िता से मिलकर हर संभव मदद का भरोसा दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पीड़िता को वह न्याय दिलाकर रहेंगे। इसके लिए चाहे उन्हें मुख्यमंत्री का घर घेरना पड़े। उन्होंने पीड़िता को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। मध्यप्रदेश के जनपद छतरपुर के एक गांव निवासी 25 वर्षीय युवती महोबा में किराये का कमरा लेकर नीट की तैयारी कर रही थी। 30 अप्रैल को वह लाईब्रेरी से घर लौटते समय लापता हो गई थी। 16 दिन बाद युवती को पुलिस ने बरामद किया था। बरामद होने के बाद युवती ने आरोपियों पर अपहरण, दुष्कर्म व प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। पीड़िता का आरोप था कि आरोपियों ने उसे बंधक बनाए रखा। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित साथ ही, नशीले इंजेक्शन दिए और सिगरेट से भी दागा।

अजय राय बोले : कांग्रेस हर जगह जाएगी

नशे के इंजेक्शन लगाए। तीन मई को छात्रा का नीट का पेपर था। 30 अप्रैल को छात्रा का अपहरण कर लिया गया। वहीं, अपराधी छात्रा से जबरन शादी भी करते हैं और उसे खुद लाकर घर छोड़ते हैं। आरोप लगाया कि छात्रा को पुलिस नहीं लाई। पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी रही। कहा कि उन्हें महोबा आने से रोकने के लिए कई स्थानों पर पुलिस लगाई गई, लेकिन वह पीड़िता से मिलने पहुंचे। कांग्रेस हर जगह जाएगी।

आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए : कांग्रेस को रोक नहीं पाएंगे। जहां अत्याचार-अन्याय होगा, वहां कांग्रेस जाएगी। उनका एक-एक कार्यकर्ता डटकर खड़ा रहेगा। कहा कि उन्होंने पीड़िता को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। इसके लिए मुख्यमंत्री का घर भी घेरना पड़े तो घेरेंगे। आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और उनके घर पर बुलडोजर चलाया जाए।

सीबीएसई ने 12वीं की उत्तरपुस्तिका की स्कैन कॉपी के लिए आवेदन की तिथि 24 मई तक बढ़ाई

नई दिल्ली। सीबीएसई ने 12वीं की स्कैन कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 मई से बढ़ाकर 24 मई कर दी है। बोर्ड ने बताया वेबसाइट पर अत्यधिक ट्रैफिक और अनधिकृत प्रयासों के कारण तकनीकी दिक्कतें आईं, इसलिए छात्रों की सुविधा हेतु समय सीमा बढ़ाई गई है।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 12वीं कक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि में वृद्धि की है। अब छात्र 24 मई तक अपनी उत्तरपुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी प्राप्त करने हेतु आवेदन कर सकेंगे। यह तिथि पहले 23 मई निर्धारित की गई थी, जिसे एक दिन के लिए बढ़ाया गया है।

बोर्ड ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखकर लिया गया है। बीते तीन दिनों से सीबीएसई की वेबसाइट पर लगातार तकनीकी बाधाएं आ रही थीं। अत्यधिक ट्रैफिक और अनधिकृत हस्तक्षेप के प्रयासों के कारण वेबसाइट पर समस्या उत्पन्न हुई थी। इन तकनीकी बाधाओं के चलते कई छात्र समय पर आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रहे थे। छात्रों को आवेदन करने के लिए एक अतिरिक्त दिन का महत्वपूर्ण समय दिया गया है।

नशीला इंजेक्शन लगाकर मरीज से दुष्कर्म, डॉक्टर निलंबित डिप्टी सीएम ने दिए अस्पताल सील करने के निर्देश

लखनऊ। पीड़िता ने बताया कि बुधवार की दोपहर उसकी नाक में आक्सीजन के लिए पाइप डालने के लिए डॉक्टर उसे ओटी में ले गए। इसके पहले कलाई में लगी वीगो से उसे एक इजेक्शन दे दिया गया।

ब्रजेश पाठक ने कहा है कि तेजस हॉस्पिटल में 12वीं की छात्रा से दुष्कर्म के मामले को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल को सील करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अस्पताल संचालक आरोपी डॉ. विजय गिरी का चिकित्सकीय लाइसेंस तत्काल निलंबित करने और उनकी आयुर्वेदिक डिग्री जब्त करने के लिए आयुर्वेदिक विभाग के अधिकारियों को आदेशित किया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि आरोपी भविष्य में किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय जिम्मेदारी न निभा सके। ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पीड़ित छात्रा और उसके परिवार के साथ

खड़ी है तथा आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

सीएचसी से 50 मीटर की दूरी पर संचालित तेजस हॉस्पिटल में भर्ती युवती के साथ इलाज करने वाले डॉक्टर विजय कुमार गिरि पर नशीला इंजेक्शन लगाकर दुष्कर्म का आरोप लगा है। जब परिजनों को इस बात का पता चला तो उन लोगों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को हिरासत में ले लिया है। युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। बख्शी का तालाब के एक गांव की रहने वाली 19 वर्षीय युवती एक प्राइवेट कॉलेज के हॉस्टल में रहकर तीन माह का डिप्लोमा कोर्स कर रही है। युवती को बीते रविवार को चक्कर आने की शिकायत पर हॉस्टल वार्डन की सूचना पर परिजनों ने दुबग्गा के पास निजी अस्पताल में इलाज करवाया। मंगलवार को फिर से उसकी तबीयत बिगड़ने पर अपने परिचित की मदद से बख्शी का तालाब तहसील सड़क तेजस हॉस्पिटल में शाम को भर्ती करवाया।

युवती के उसके साथ माता-पिता और बड़ी बहन भी साथ थी। पीड़िता ने बताया कि बुधवार की दोपहर उसकी नाक में ऑक्सीजन के लिए पाइप डालने के लिए डॉक्टर उसे ओटी में ले गए। इसके पहले कलाई में लगी वीगो से उसे इंजेक्शन लगाया। इसके बाद उसको कुछ पता नहीं चल सका। होश में आने पर उसको अपने कपड़े अस्त-व्यस्त मिले।

झंडापुर में सजा बाबा श्याम का भव्य दरबार: 'एक शाम लाज बचाने वाले के नाम'

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। झंडापुर में भक्ति और श्रद्धा का एक अनूठा संगम देखने को मिला है। श्री खाटू श्याम मित्र मंडली और समस्त ग्रामवासी झंडापुर के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल और भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गयाै। 'एक शाम लाज बचाने वाले के नाम' शीर्षक से होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे क्षेत्र में भारी उत्साह का माहौल है। भजन सम्राटों की सुरमई प्रस्तुतियाँ कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस दिव्य शाम को यादगार बनाने के लिए देश के ख्यातिलब्ध भजन गायकों को आमंत्रित किया गया है। ऋतिक गुप्ता अपनी सुरीली आवाज से बाबा के चरणों में हाजिरी लगाएंगे। विक्की सूफी अपने सूफियाना अंदाज में श्याम प्रेमियों को झूमने पर मजबूर करेंगे।

गुनगुन दुबे के सुमधुर भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। हारे का सहारा है, बाबा श्याम हमारा है के जयकारों के साथ पूरा झंडापुर क्षेत्र गुंजायमान होने के लिए तैयार है। आयोजकों पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय राहुल परिहार प्रदीप कुमार विजय गुप्ता अश्विनी वशिष्ठ संत कुमार सेंगर मोनू सेन के मुताबिक, बाबा खाटू श्याम का अलौकिक श्रृंगार (शीश का दानी दरबार) और छप्पन भोग इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होंगे।

ग्रामवासियों में भारी उत्साह श्री खाटू श्याम मित्र मंडली के सेवादारों ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए झंडापुर के समस्त ग्रामवासी दिन-रात जुटे हुए हैं। दूर-दराज से आने वाले श्याम भक्तों के लिए बैठने, पीने के पानी और भव्य भंडारे (प्रसाद) की विशेष व्यवस्था की गई है। मंडली ने सभी धर्मप्रेमियों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें और पुण्य के भागी बनें।

दिल्ली के मकान मालिकों को बड़ा लाभ: इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज में सरकार ने दी राहत, 90% मालिकों को मिलेगा फायदा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने पानी और सीवर कनेक्शन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज (आईएफसी) नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए राजधानी के लाखों लोगों को राहत दी है। नई व्यवस्था के तहत अब केवल 200 वर्गमीटर से बड़े निर्माण पर ही इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज लगेगा।

सरकार का दावा है कि इससे दिल्ली की करीब 90 फीसदी आबादी को फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस नई व्यवस्था की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी दिल्ली में नया निर्माण होता है और जल बोर्ड से पानी-सीवर कनेक्शन के लिए एनओसी ली जाती है, तब वन टाइम इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज देना पड़ता है। पहले यह शुल्क पूरे क्षेत्रफल के आधार पर लिया जाता था, जिससे लोगों पर ज्यादा आर्थिक बोझ पड़ता था। अब सरकार ने इसमें बदलाव करते हुए केवल जरूरत और वास्तविक निर्माण के आधार पर शुल्क लेने का फैसला किया है।

200 वर्गमीटर तक के मकानों पर शुल्क नहीं

नई व्यवस्था के तहत अब केवल 200 वर्गमीटर से बड़े निर्माण पर ही इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज लगेगा। 200 वर्गमीटर तक के मकानों को इस शुल्क से पूरी तरह बाहर रखा गया है। इसके अलावा नॉन-एफएआर यानी खुले क्षेत्र को चार्ज की गणना में शामिल नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार के समय पानी के बढ़े हुए बिल और आईएफसी शुल्क को लेकर लगातार शिकायतें आती थीं, लेकिन सुनवाई नहीं होती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उस व्यवस्था में गड़बड़ियां थीं और लोग अधिकारियों के साथ मिलकर अलग-अलग तरीके अपनाने को मजबूर थे। अब सरकार ने पूरी व्यवस्था को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाया है।

जी एंड एच श्रेणी की कॉलोनियों को छूट

सरकार ने अलग-अलग श्रेणी की कॉलोनियों के लिए भी राहत का प्रावधान किया है। जी और एच श्रेणी की कॉलोनियों को 70 फीसदी तक छूट मिलेगी। धार्मिक संस्थानों को 50 फीसदी की राहत दी गई है। सरकार के अनुसार यदि किसी धार्मिक स्थल का 300 एफएआर वाला चार मंजिला भवन है, तो उसे करीब 8 लाख रुपये तक की छूट मिल सकती है। ई और एफ श्रेणी की कॉलोनियों में भी शुल्क में भारी कमी की गई है। पहले जहां लोगों को लगभग 16 लाख रुपये तक इंफ्रास्ट्रक्चर चार्ज देना पड़ता था, वहीं अब संशोधित व्यवस्था के बाद यह घटकर करीब 4.5 लाख रुपये रह जाएगा।

सीएम धामी बोले- देवभूमि में सड़कों पर नमाज की इजाजत नहीं, चारधाम यात्रियों को न हो कोई परेशानी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देवभूमि में सड़कों पर नमाज पढ़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चारधाम यात्रा चल रही है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

सड़कों पर नमाज पढ़ने को लेकर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के बाद अब सीएम धामी का भी बयान सामने आया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि सड़कों पर नमाज पढ़ने की इजाजत होनी चाहिए। हमने कहा कि नमाज तय जगह पर ही पढ़ी जानी चाहिए। किसी को भी इस व्यवस्था में बाधा डालने का अधिकार नहीं है।

सीएम ने कहा कि प्रदेश में चारधाम यात्रा चल रही है। इसलिए इस समय सड़कों को धार्मिक प्रदर्शनों का जरिया बिल्कुल भी नहीं बनने दिया जाएगा। हमने तय किया है कि किसी भी कीमत पर हमारे राज्य में आने वाले सनातनी और चारधाम तीर्थयात्रियों को कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए।

कुछ लोग हर चीज को केवल वोट बैंक के नजरिए से देखते हैं, और यह सही नहीं है। इन सभी व्यवस्थाओं में हमें वोट बैंक से ऊपर उठना चाहिए। हम किसी को भी देवभूमि की शांति, संस्कृति और अनुशासन से छेड़छाड़ नहीं करने देंगे।

गर्मी की छुट्टियों से पहले कंपनी बाग लाइब्रेरी होगी शुरू, विद्यार्थियों को मिलेगा हाईटेक अध्ययन केंद्र

- ➪ नगर निगम ने तेज की तैयारियां, दो सप्ताह में संचालन शुरू करने के निर्देश
- ➪ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए बनेगी बड़ी सुविधा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां शुरू होने से पहले नगर निगम कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी को शुरू करने की तैयारी में जुट गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शुक्रवार को कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी का निरीक्षण कर विद्यार्थियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, कंप्यूटर सिस्टम, शुद्ध एवं शीतल पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, इंटरनेट सुविधा तथा पुस्तकों के रख-रखाव की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद प्रभारी नजारत डॉ. अनुज को निर्देश दिए कि दो सप्ताह के भीतर लाइब्रेरी का संचालन शुरू कराया जाए।

नगर आयुक्त ने कहा कि जून माह में स्कूलों की गर्मी की छुट्टियों के दौरान लाइब्रेरी में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ जाती है।

इसी को ध्यान में रखते हुए लाइब्रेरी को जल्द शुरू करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि सीएसआर के माध्यम से लाइब्रेरी को हाईटेक बनाया गया है, ताकि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को शांत और बेहतर अध्ययन वातावरण मिल सके।

उन्होंने अधिकारियों को लाइब्रेरी संचालन के लिए आवश्यक नियमावली जल्द तैयार करने के

निर्देश भी दिए। लाइब्रेरी शुरू होने के बाद विद्यार्थी यहां विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। वहीं सीनियर सिटीजन के लिए भी अलग से बैठने की व्यवस्था की गई है, जिससे वे अपने समय का सदुपयोग कर सकें। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार सहित नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

सचिवालय के बाद अब सीएम हाउस के पास मिली प्रतिबंधित बोतलें, विपक्ष ने कहा-खोल दीजिए शराब

पटना। बिहार में शराब बंदी है यानी बिहार में शराब पूर्ण रूपेण प्रतिबंधित है, इसके बाद भी शराब की बोतलें खुलेआम देखी जा रही हैं। आज हैरान करने वाली एक तस्वीर नजर आई जिसमें सीएम हाउस के पास एक दो नहीं बल्कि कई शराब कि बोतलें बरामद हुई। शराब की बोतलें मिलते ही अब यह चर्चा का विषय बना गया है। मुख्यमंत्री आवास के पास शराब की बोतलें मिलने से पहले सचिवालय के अंदर कार्यालय के गेट के पास भी तीन शराब की बोतलें देखी गई थी। फिलहाल मुख्यमंत्री आवास 5 देशरत्न मार्ग के पास काफी मात्रा में शराब की खाली बोतलें बरामद हुई हैं।

इस संबंध में पुलिस जांच करने की बात कह रही है। इस संबंध में सचिवालय थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल

पर पहुंची। जांच के दौरान दस खाली बोतलें हैं और दो अन्य टूटी हुई शराब की बोतलें बरामद हुई। उन्होंने कहा कि अब आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाएगी और फिर आरोपों आरोपियों की पहचान करते हुए उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसको लेकर अब विपक्ष ने मुख्यमंत्री आवास के पास और सचिवालय के अंदर शराब की खाली बोतलों के मिलने पर सवाल उठा रहा है। इस संबंध में आई पी गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास के पास शराब की बोतलों का इस तरह से मिलना मुख्यमंत्री के शासनकाल पर खुला तमाचा है। उन्होंने कहा कि गरीबों के घर में शराब मिलता है तो उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाता है। लेकिन वही बड़े-बड़े अधिकारी और नेता जब शराब का सेवन करते हैं इसके बाद ही पुलिस वहां तक नहीं पहुंच पाती है। मुख्यमंत्री के आवास के पास शराब का यौन मिलन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के शासनकाल पर करारा तमाचा है। उनके कार्यालय और आवास के पास शराब की बोतलों का मिलना निश्चित रूप से उनके लिए एक चुनौती है।

विधायक आईपी गुप्ता ने कहा कि शराब बंदी का में विरोध करता हूं और मैं कहता हूं सरकार से की शराब को खोलिए।

पीएम को झालमुड़ी खिलाने वाले दुकानदार को मिल रही हैं जान से मारने की धमकियां, सुरक्षा में लगाई गई पुलिस

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारग्राम में रुककर एक छोटी दुकान पर झालमुड़ी खाई थी, दुकानदार से बातचीत की और उसकी तारीफ की थी। अब उस दुकानदार को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले दुकानदार विक्रम साहू को जान से मारने की धमकी मिली है। दुकानदार की ओर से दावा किया गया कि पिछले कुछ दिनों से उसे पाकिस्तान और बांग्लादेश से रोजाना धमकी भरे कॉल आ रहे हैं।

विक्रम ने बताया कि उसने कई कॉल नहीं उठाए लेकिन फोन की घंटी बजनी बंद नहीं हुई। उसने कहा कि फोन करने वाले उसे गालियां दे रहे हैं और अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश से भी जान से मारने की धमकियां आ रही हैं, जो मुझे डराने की कोशिश कर रहे हैं। वे मुझसे पूछते हैं, 'तुम जिंदा हो या मर गए?' विक्रम को मिली पुलिस सुरक्षा

उन्होंने बताया कि मुझे व्हाट्सएप पर भी मैसेज मिले हैं, जिनमें लिखा है कि तुम्हें बम धमाके में मार दिया जाएगा। विक्रम के मुताबिक, धमकी देने वालों ने पीएम के साथ उसके 'जुड़ाव' के बारे में कुछ नहीं कहा लेकिन ये धमकियां तभी से आनी शुरू हुईं, जबसे पीएम मोदी उसकी दुकान पर रुककर झालमुड़ी का स्वाद चखने आए थे। विक्रम ने आगे बताया कि फोन करने वाले पहले धार्मिक अभिवादन करते हैं और फिर उसे जान से मारने की धमकी देते हैं। वह और उसका परिवार अंतरराष्ट्रीय नंबरों से आ रही इन धमकियों से काफी डरे हुए हैं। हालांकि, पुलिस ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। विक्रम को पुलिस सुरक्षा भी मुहैया कराई गई है और पुलिसकर्मी उसकी सुरक्षा में तैनात हैं। जब विक्रम से पूछा गया कि क्या वह पीएम से कोई खास अपील करना चाहता है, तो उसने कहा कि सरकार को उसे पर्याप्त सुरक्षा मुहैया करानी चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले दुकानदार का नाम विक्रम साह है। विक्रम मूल रूप से बिहार के गया जिले के रहने वाले हैं। पिछले कई वर्षों से झारग्राम में छोटी दुकान पर झालमुड़ी बेचकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। आर्थिक तंगी के कारण विक्रम नौवीं कक्षा के बाद पढ़ाई जारी नहीं रख सके।

झालमुड़ी खिलाकर सुर्खियों में आए थे विक्रम साहू

पीएम मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले विक्रम साहू रातोंरात सुर्खियों में आ गए थे। विक्रम साहू और पीएम मोदी के बीच हुई बातचीत पूरे चुनाव में चर्चा का विषय बन गई थी। हालांकि, रातोंरात मिली यह शोहरत अब उसके लिए मुसीबत बन गई है। दुकानदार विक्रम साहू ने कहा कि वह अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित है क्योंकि उन्हें डर है कि फोन करने वाले उसके साथ कोई साजिश रच सकते हैं।

पाकिस्तान से धमकी मिलने का किया दावा

विक्रम साहू ने कहा कि मुझे पाकिस्तान से वीडियो और फोन कॉल के जरिए बार-बार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। वे मुझे बम से उड़ाने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो लोग मुझे वीडियो कॉल कर रहे हैं, वे मुझे डराने के लिए खौफनाक इशारे कर रहे हैं और हथियार भी दिखा रहे हैं। उन्होंने मुझे चेतावनी दी है कि तुम्हें इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

बैरिकेडिंग तोड़ी, पुलिस को कुचलने की कोशिश

बरेली में डम्पर चालक का खौफनाक खेल, फिल्मी अंदाज में फरार

आगरा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक फरार चालक ने रास्ते में कई अन्य वाहनों को भी टक्कर मारने का प्रयास किया। हालांकि गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ा हादसा या जनहानि नहीं हुई। यूपी के बरेली जिले के आंवला क्षेत्र में ओवरलोड डम्पर ट्रकों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान शुक्रवार को एक डम्पर चालक ने पुलिस और एआरटीवो की प्रवर्तन टीम को चुनौती देते हुए वाहन चढ़ाने की कोशिश कर दी। चालक बैरिकेडिंग तोड़ते हुए फरार हो गया, जबकि पुलिस ने डम्पर और उसके हेल्पर को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना के दौरान कई पुलिसकर्मी और राहगीर बाल-बाल बच गए।

मच गई अफरा-तफरी : जानकारी के अनुसार आंवला क्षेत्र में यात्रीगण अधिकारी बरेली और एआरटीओ प्रवर्तन की संयुक्त टीम ओवरलोड डम्पर ट्रकों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वजीरगंज क्षेत्र में अधिकारियों ने एक संदिग्ध ओवरलोड डम्पर को रोकने का संकेत दिया, लेकिन चालक ने वाहन रोकने के बजाय तेज गति से डम्पर दौड़ा दिया। पीछा करने पर चालक ने पुलिस वाहन को साइड मारने की कोशिश की, जिससे टीम में अफरा-तफरी मच गई।

किसी तरह पुलिस वालों ने बचाई जान : घटना की सूचना मिलने पर एआरटीओ प्रवर्तन हरिओम भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने कई स्थानों पर नाकाबंदी कर डम्पर को रोकने की रणनीति बनाई। रेहड़िया चौकी पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर डम्पर को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने बैरिकेडिंग में जोरदार टक्कर मार दी और उसे काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी और अन्य लोग किसी तरह अपनी जान बचा सके।

डम्पर छोड़कर भागा ड्राइवर : बताया जाता है कि चालक डम्पर को कस्बा सैदपुर होते हुए वगरैन-करेगी मार्ग की ओर लेकर भागा। पुलिस ने दोनों ओर से घेराबंदी की तो चालक डम्पर छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डम्पर को कब्जे में लेते हुए उसके हेल्पर को हिरासत में ले लिया और पूछताछ शुरू कर दी।

हेल्पर हिरासत में : प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक फरार चालक ने रास्ते में कई अन्य वाहनों को भी टक्कर मारने का प्रयास किया। हालांकि गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ा हादसा या जनहानि नहीं हुई। थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि डम्पर चालक मौके से फरार हो गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। वहीं हेल्पर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

राजस्थान में 3 सीटों राज्यसभा चुनाव का ऐलान : क्या राजनीति एक बार फिर बाड़ाबंदी की तरफ बढ़ेगी?

जयपुर। राजस्थान की तीन राज्यसभा सीटों के चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है। भाजपा दो और कांग्रेस एक सीट जीतने की स्थिति में है, लेकिन बीजेपी तीसरा उम्मीदवार उतारने के विकल्प पर भी मंथन कर रही है। इससे क्रॉस वोटिंग और बाड़ाबंदी की चर्चाएं तेज हो गई हैं। राजस्थान की तीन राज्यसभा सीटों पर चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार 18 जून को मतदान होगा और उसी दिन परिणाम भी घोषित किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, भाजपा सांसद राजेंद्र गहलोत और कांग्रेस सांसद नीरज डांगी का कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो रहा है।

मौजूदा विधानसभा गणित को देखें तो भाजपा दो और कांग्रेस एक सीट आसानी से जीतती नजर आ रही है।

संबंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हम राजपाल पुत्र श्री धन सिंह व श्रीमती रामरती पत्नी राजपाल निवासी-गली नंबर 2,रघुनाथ पुरी, तिगड़ी गोल चक्कर बागू,नियर शनी मंदिर,जिला-गाजियाबाद हमने अपने छोटे पुत्र गौरव कुमार को गलत चाल चलन के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं भविष्य में अपने कृत्यों के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा इससे हमारा कोई लेना देना नहीं है।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 23 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित



क्या पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की तरह एक बड़ी जनसभा करा पायेंगे ये फेस

अभिषेक गर्ग , सिकन्दर यादव,विशाल वर्मा, सिंघराज जाटव और विशाल वर्मा दिखा पायेंगे क्या अपना बेस

गाजियाबाद, करंट क्राइम। राजनीति में ताकत दिखाना पहली और अनिवार्य शर्त है। आप समर्थन वाले हाथ मिला रहे हैं तो आपको बताना पड़ता है कि आपकी सियासी ताकत क्या है। सामने वाला दल आपका आंकलन करता है और इसी के बाद सीटों का बंटवारा तय होता है। आप इस दल से उस दल में जा रहे हैं तो भी आपकी ताकत देखी जाती है। ये देखा जाता है कि आप अपने साथ कितना जनसमूह हमारे दल में लेकर आ रहे हैं। राजनीति का एक और तराजू ये भी है कि यहां वो ही लीडर के रूप में कंसीडर होगा जिसके पास जनसैलाब का फीडर होगा।

जब वो अपने दम पर पब्लिक जुटाना और सियासत की सभा कराना सबके बसकी बात नहीं होती है लेकिन जो इस परीक्षा को पास करते हैं वो चुनाव के फाईनल राउन्ड की ओर बढ़ते हैं उनका सियासी अंदाज साउन्ड माना जाता है।

चुनाव लड़ना और चुनाव मजबूती से लड़ना ये दोनों अलग अलग बातें हैं। ये पहलू इतना मजबूत है कि यहां हार और जीत भी मायने नहीं रखती लेकिन मजबूती से लड़ा गया चुनाव और सियासत में आपके तेवर आपको स्थापित करते हैं। राजनीति में संख्या एक गणित नहीं होती ये एक ताकत होती है। जनसभा कराना और जनसभा में भीड़ जुटाना सभी के बसकी बात नहीं है। ये गणित राजनीति का मजबूत पिलर माना जाता है और यही वजह है कि चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक दल बड़ी जनसभा कराते हैं। चुनावी जनसभाओं में भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी दी जाती है।

बसें लगायी जाती हैं। ये परीक्षा और कठिन हो जाती है जब पार्टी सत्ता में नहीं होती। लेकिन इस कठिन परीक्षा को प्रथम श्रेणी से पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने पास किया है। वो सरकार में नही हैं और उन्होंने ऐसे समय में भाजपा के सबसे मजबूत गढ़ कहे जाने वाले गाजियाबाद जिले में देश की सबसे बड़ी विधानसभा में अपने दम पर एक जनसभा आयोजित की। इस जनसभा में बिरादरी के ब्रदर्स भी आये और अन्य समाज के अदर्स भी आये। वसुन्धरा की धरा पर एक बड़ा जनसैलाब पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने अपने दम पर जुटाकर दिखाया।

अपनी सियासी ताकत का जलवा दिखाया और ये भी दिखा दिया कि वो ब्राह्मण राजनीति में वेस्ट यूपी का सबसे बड़ा और मजबूत चेहरा हैं। हालाकि वो राजनीति में अपनी ताकत का लोहा उस लोकसभा में मनवा चुके है जहां भगवा लहर बताई जाती है। जहां हर सीट पर फूल खिला है।

अमरपाल शर्मा ने यहां खोड़ा नगरपालिका चेयरपर्सन सीट पर अपनी पत्नी मोहिनी शर्मा को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव जिताकर बता दिया है कि उनके पास इतना बल है कि राजनीतिक दल को कंसीडर करना ही पड़ेगा। सवाल अब ये है कि जिस तरह सेपूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने भीड़ जुटाई है, एक बड़ी जनसभा कराई है तो क्या अमरपाल शर्मा की तर्ज पर समाजवादी पार्टी के अन्य दावेदार भी करके दिखायेंगे। यहां बड़े चेहरों की बात है और वो इसलिए भी है कि इन चेहरों ने विधानसभा से लेकर मेयर चुनाव तक लड़े हैं और ये चेहरे टिकट की रेस में खड़े हैं तो सवाल सियासत में है कि अगर इन चेहरों को अपना बेस बनाना है तो फिर उन्हें एक बड़ी जनसभा से ताकत का मुलाहिजा दिखाना होगा। क्या ये चेहरे एक बड़ी जनसभा करेंगे।

अभिषेक गर्ग करेंगे क्या एक बड़ी जनसभा

करंट क्राइम। अभिषेक गर्ग समाजवादी पार्टी का शालीन, कुलीन और शिक्षित चेहरा हैं। बेहद प्रतिष्ठित पारिवारिक पृष्ठ भूमि है और अपने आप में सौम्य व्यवहार के नेता हैं। हमेशा समाजवादी विचारधारा से जुड़कर काम करते हैं। मुददों पर एक्टिव रहते हैं, वो विधानसभा की दावेदारी में हैं। सवाल है कि क्या अभिषेक गर्ग जैसे नेता एक बड़ी जनसभा करेंगे। उनके पास संख्या बल भी है और वो सभा कराने की क्षमता में भी हैं। राजनीति में चूंकि भीड़ एक ताकत होती है और जनसभा का अपना बल होता है। अभिषेक गर्ग ऐसे नेता हैं जो वैश्य समाज से लेकर सर्व समाज तक और व्यापारी समाज से लेकर जनमुददे पर जनसभा बुला सकते हैं।

क्या सिकन्दर यादव दिखा पायेंगे जनसैलाब का जलवा

करंट क्राइम। सिकन्दर यादव समाजवादी राजनीति का शालीन चेहरा हैं। वो विचारवादी नेता हैं, बौद्धिक चिंतन उनकी राजनीतिक सोच का हिस्सा है। ये नाम विधानसभा की दावेदारी में है। बड़ी बात यही है कि क्या चुनाव से पहले सिकन्दर यादव अपनी विधानसभा में जनसभा का आयोजन करायेंगे। जनसभा का आयोजन बड़ा विषय है और परियोजन कुछ भी हो सकता है। लेकिन एक बड़ी जनसभा ये इंडिकेट करेगी कि विधानसभा की दावेदारी में कितना वजन है और भीड़ जुटाने की क्षमता सिकन्दर यादव के राजनीतिक कद को भी बतायेगी।

बिरादरी से लेकर राजनीतिक भीड़ जुटाने की ताकत और विशाल वर्मा

करंट क्राइम। विशाल वर्मा ने समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ा। टिकट का पर्चा भरने के बाद इस बात का अनुमान किसी भी दल को नहीं था कि जब चुनावी नतीजाआयेगा तो इस चेहरे की चर्चा सबसे ज्यादा होगा। विशाल वर्मा चुनाव लड़े और उन्होंने यहां फूल से हाथी पर सवार हुए के के शुक्ला को पछाड़ दिया। यहां उन्होंने कांग्रेस के सुशांत गोयल को भी पीछे किया और वो इस चुनाव में रनरअप आये। पहली बार का चुनाव और बड़ी मात्रा में उन्होंने बसपा के वोट बैंक में सेंध लगा दी थी। वो दावेदारी में हैं और सवाल ये है कि क्या वो अपनी बिरादरी के ब्रदर जुटा सकते हैं । क्या वो दिखा सकते हैं कि उनके पास जनसभा कराने की कितनी क्षमता है।

सिंघराज जाटव का फेस और जनसभा का बेस

करंट क्राइम। सिंघराज जाटव चुनाव लड़े और वो फिर से एक बार दावेदारी में है। राजनीति का सौम्य चेहरा हैं। यदि समय मिले और उन्हें मौका मिले तो वो ताकत दिखा सकते हैं। सवाल यही है कि क्या वो एक बड़ी जनसभा करा सकते हैं। क्या वो अपनी बिरादरी का बल दिखा सकते हैं। यहीं से सियासी ताकत का पता चलेगा और राजनीतिक सपोर्टर और इन्हीं में छुपे वोटर दोनों का एक आईडिया लगेगा।

खत्म होंगे पार्क से चेन स्नेचिंग के लफड़े, पुलिस वाले पहनेंगे नॉर्मल कपड़े

पार्कों और खुले स्थानों पर सादे कपड़ों में तैनात किए गए पुलिसकर्मी

तैनाती
सुबह 5 से 9 बजे तक एक्टिव रहेंगी खास टीमें

गौरव शशि नारायण

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगातार बढ़ रही स्नैचिंग, चोरी और लूट की वारदातों ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। कई थानाक्षेत्रों में हुई घटनाओं के बाद अब पुलिस कमिश्नरेट स्तर पर नया एक्शन प्लान तैयार किया गया है। जानकारी के मुताबिक, शहर के संवेदनशील और ज्यादा क्राइम वाले थानाक्षेत्रों में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है, जो सुबह 5 बजे से 9 बजे तक एक्टिव रहकर स्नैचिंग की घटनाओं पर नजर रखेंगी।

सूत्रों के अनुसार, मॉर्निंग वॉक के दौरान पार्कों, ग्रीन बेल्ट, खुले स्थानों, सुनसान सड़कों और सर्विस रोड पर सबसे ज्यादा स्नैचिंग की घटनाएं सामने आती हैं। इसी को देखते हुए पुलिस ने ऐसे स्थानों को चिन्हित कर वहां सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों की तैनाती शुरू कर दी है। आम लोगों की तरह मौजूद रहने वाले ये पुलिसकर्मी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे और वारदात करने वाले बदमाशों पर तत्काल कार्रवाई करेंगे।

बताया जा रहा है कि इन टीमों में ऐसे पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है जिनकी फिटनेस बेहतर है और जिन्हें क्राइम कंट्रोल का अनुभव है। ये टीमें बाइक सवार बदमाशों, रेकी करने वाले युवकों और संदिग्ध लोगों पर विशेष निगरानी रखेंगी। खासतौर पर सुबह के समय मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले बुजुर्ग, महिलाएं और नौकरीपेशा लोग बदमाशों के निशाने पर रहते हैं, इसलिए इसी समय सबसे ज्यादा सतर्कता बरती जा रही है।

कमिश्नरेट में हाल के दिनों में स्नैचिंग की बढ़ती घटनाओं के बाद कई चौकी प्रभारियों पर कार्रवाई भी हुई है। कुछ चौकी प्रभारी निलंबित किए गए हैं, जबकि अन्य पुलिस अधिकारी भी लगातार रडार पर बताए जा रहे हैं। यही वजह है कि अब थाना और चौकी स्तर पर पुलिसिंग को और ज्यादा एक्टिव किया गया है। इसके साथ ही चोरी और लूट की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए रात के समय भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रमुख मार्गों, कटों और संवेदनशील स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाकर वाहन चेकिंग कराई जा रही है। देर रात घूमने वाले संदिग्ध लोगों और बाइक सवार युवकों की जांच भी लगातार की जा रही है।

ये स्थान किए गए हैं सिलेक्ट

करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट द्वारा उन स्थानों को चिन्हित किया गया है जहां मॉर्निंग टाइम में स्नैचिंग और चोरी की घटनाएं ज्यादा सामने आती हैं। इनमें पार्क, ग्रीन बेल्ट, सुनसान सड़कें, सर्विस रोड, बस स्टॉप, ई-रिक्शा स्टैंड और मॉर्निंग वॉक वाले इलाके शामिल हैं। इन स्थानों पर सुबह के समय विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

ऐसे काम करेगी पुलिस की खास टीम

करंट क्राइम : कमिश्नरेट पुलिस ने फिट और क्राइम कंट्रोल का अनुभव रखने वाले पुलिसकर्मियों की विशेष टीमें बनाई हैं, जो सादे कपड़ों में अलग-अलग स्थानों पर तैनात रहेंगी। ये टीमें सुबह 5 बजे से 9 बजे तक एक्टिव रहकर स्नैचिंग और चोरी की घटनाओं को रोकने का काम करेंगी। इसके साथ ही रात के समय बैरिकेडिंग लगाकर वाहन चेकिंग और संदिग्ध लोगों की जांच भी लगातार कराई जा रही है।

समरकूल के चेयरमैन संजीव गुप्ता को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सौंपा भूखंड आवंटन पत्र

गाजियाबाद के लिए गौरव का क्षण

गाजियाबाद करंट क्राइम। गाजियाबाद के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड के चेयरमैन संजीव गुप्ता को शुक्रवार को लखनऊ स्थित 5 कालिदास मार्ग, मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा औद्योगिक परियोजनाओं हेतु भूखंड आवंटन पत्र सौंपा गया।

यह अवसर केवल समरकूल कंपनी के लिए ही नहीं, बल्कि गाजियाबाद के औद्योगिक जगत के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि और सम्मान के रूप में देखा जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा उद्योगों और निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के बीच समरकूल जैसी प्रतिष्ठित कंपनी को यह आवंटन मिलना, उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास की नई संभावनाओं का संकेत माना जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, मंत्री जसवंत सिंह सैनी, वरिष्ठ अधिकारी अवस्थी जी, दीपक जी तथा नोएडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर.के. सिंह भी मौजूद रहे। वहीं समरकूल की ओर से निदेशक अभिषेक गुप्ता और भारत बिक्री प्रमुख नरेश बत्रा भी उपस्थित रहे।

समरकूल आज घरेलू उपकरणों के क्षेत्र में अपनी गुणवत्ता, आधुनिक तकनीक और विश्वसनीयता के लिए देश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी तेजी से पहचान बना रही है। कंपनी के उत्पादों ने उपभोक्ताओं के बीच मजबूत विश्वास कायम किया है। एयर कूलिंग और घरेलू उपकरण क्षेत्र में समरकूल की बढ़ती प्रतिष्ठा ने गाजियाबाद को राष्ट्रीय औद्योगिक मानचित्र पर नई पहचान दिलाई है।

चेयरमैन संजीव गुप्ता को उद्योग जगत में एक दूरदर्शी और प्रगतिशील उद्यमी के रूप में देखा जाता है। उनके नेतृत्व में समरकूल ने गुणवत्ता, उपभोक्ता विश्वास और आधुनिक उत्पादन क्षमता के दम पर अपनी अलग साख बनाई है। यही कारण है कि कंपनी लगातार विस्तार की दिशा में आगे बढ़ रही है और प्रदेश में निवेश का बड़ा उदाहरण बनकर उभर रही है। इस अवसर पर संजीव गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार उद्योगों को बेहतर वातावरण, पारदर्शी व्यवस्था और निवेश के अनुकूल माहौल प्रदान कर रही है। प्रदेश में उद्योगों को मिल रहे प्रोत्साहन से रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे और उत्तर प्रदेश देश की औद्योगिक शक्ति के रूप में और मजबूत होगा।

विधायक अजितपाल त्यागी के नेतृत्व में होगा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

सैंतली के हनुमान मंदिर पर समर्थकों की भीड़ के साथ विधायक तैयार

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा में स्वागत की एक परम्परा है और यह भाजपा की राजनीति मे किसी भी नेता की राजनीति के वजन को तोलने का तराजू भी माना जाता है। किसके स्वगत में कितनी भीड़ आयी है इस पर निगाह रहती है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी गाजियाबाद में आईटीएस कॉलिज में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्ग शिविर में आ रहे हैं। वो 23 मई को गाजियाबाद आ रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए भाजपा कार्यकर्ता तैयार है। सूत्र बताते हैं कि जब प्रदेश अध्यक्ष गाजियाबाद आयेंगे तो मुरादनगर विधायक अजितपाल त्यागी के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत होगा। इसकी पूरी तैयारी कर ली गयी है। यह स्वागत मुरादनगर विधानसभा में होगा और मुरादनगर विधायक अजितपाल त्यागी के नेतृत्व में होगा। संख्या और जन ये दोनों ही अजितपाल त्यागी के लिए कोई बड़ी बात नहीं है। समर्थकों का एक सैलाब उनके पास है। लगातार दूसरी बार मुरादनगर सीट से विधायक हैं और उनके नेतृत्व में जब स्वागत होगा तो संभावना लगायी जा रही है कि ये जोरदार स्वागत होगा। अभी डेस्टिनेशन तय नहीं है लेकिन इस बात की प्रबल संभावना है कि स्वागत का केन्द्र सैंतली का हनुमान मंदिर रहेगा। 23 मई को ये कार्यक्रम होगा और इसका अनुमानित समय सुबह 10 से 11 के बीच है।

मंडल प्रभारी नही होंगे प्रशिक्षण वर्ग में अपेक्षित

करंट क्राइम। प्रदेश अध्यक्ष आ रहे हैं और आईटीएस कॉलिज में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग शिविर आयोजित होगा। इस शिविर में प्रदेश के अधिकारी रहेंगे, महानगर की टीम रहेगी। बताया जाता है कि सत्र में कुल 250लोग रहेंगे। जहां तक अपेक्षित की बात है तो यहां मंडल अध्यक्ष अपेक्षित है, महानगर की टीम अपेक्षित है, इसमें मंडल के प्रभारी अपेक्षित नहीं रहेगे।

जब गुडमॉर्निंग वाली मुलाकात में आ गया एक बड़े जनप्रतिनिधि को ध्वजप्रणाम वाले पर गुस्सा

बाद में अपने साथ उन्हें बिठाया भी और प्यार से समझाया भी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। राजनीति में कई बार ऐसी मुलाकातें भी हो जाती है कि जिसमें सामने वाला इंटेंशन के साथ टेंशन दे रहा होता है। ऐसे में कई बार सामने वाले के व्यवहार से इरिटेट होकर गुस्सा आ जाता है। किस्सा एक विधानसभा का है और यहां एक बड़े जनप्रतिनिधि लोगों से पार्क गुडमॉर्निंग के साथ मुलाकात कर रहे थे।

सामान्य मुलाकात हो रही थी, जनता के लोग मिल रही थे। जनप्रतिनिधि जनता से सुझाव पूछ रहे थे, उनकी समस्याओं के समाधान पूछ रहे थे। बताते हैं कि एक ध्वज प्रणाम वाले आ गये। जनप्रतिनिधि को उम्मीद थी वो पार्टी प्रॉटोकॉल को वरियता देंगे। लेकिन ध्वजप्रणाम वालों ने यहां लगातार कुछ ऐसी बातें कह दी कि जनप्रतिनिधि भी इरिटेट होगये। जनप्रतिनिधि ने फिर उन्हें एक साईड रहने के लिए बोला। सब देख रहे थे वो इंटेंशन के साथ टेंशन दे रहे थे। यहां बड़े जनप्रतिनिधि ने बहुत ही पेशेंस के साथ काम लिया और फिर उन्होंने इस पूरे मामले को थाम भी लिया। उन्होंने बाद में ध्वज प्रणाम वालों को अपने साथ बिठाया भी और उन्हें समझाया भी । वजह ये थी कि ध्वज प्रणाम वाले लगातार ये कह रहे थे चुनाव के बाद कोई नहीं आता है। जनप्रतिनिधि ये समझाने की कोशिश कर रहे थे कि हम सुबह सवेरे पब्लिक के बीच हैं तो क्या हम आये नहीं है।

वो बता रहे थे कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री भी जनता के बीच रहते हैं। हालाकि यहां बात बाद में बहुत ही कूल माहौल में हुई और फिर ध्वज प्रणाम वालों ने जनप्रतिनिधि के साथ फोटो भी खिंचवाया और मधुर रिश्ता भी दिखाया।

दैनिक करंट क्राइम की खबर का असर

अब छाता लगाकर ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मी

खुले आसमान के नीचे 44 डिग्री में तपती सड़कों पर डटे ट्रैफिक पुलिसकर्मी
दोपहर 12 से 4 बजे तक संभाल रहे ट्रैफिक व्यवस्था
सीट के आगे फेल हो रहे बैटरी संचालित हेलमेट
ठंडा पानी और गीले रुमाल का सहारा

समय-समय पर पानी पीने और स्वास्थ्य का ध्यान रखने के भी निर्देश दिए गए

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद में भीषण गर्मी के बीच ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की कठिन ड्यूटी को लेकर दैनिक करंट क्राइम में प्रमुखता से प्रकाशित खबर का असर अब जमीन पर दिखाई देने लगा है। 44 डिग्री तापमान में खुले आसमान के नीचे घंटों ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों ने राहत भरे कदम उठाए हैं। अब शहर के कई प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को छाते उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि उन्हें सीधी धूप और लू से बचाया जा सके। बीते दिनों करंट क्राइम ने प्रमुखता से यह मुद्दा उठाया था कि तेज धूप, गर्म हवाओं और लगातार बढ़ते तापमान के बीच ट्रैफिक पुलिसकर्मी बिना किसी सुरक्षा के सड़क पर ड्यूटी करने को मजबूर हैं। सुबह 10 बजे के बाद से ही सड़कें आग उगलने लगती हैं और दोपहर में हालात और ज्यादा गंभीर हो जाते हैं। इसके बावजूद ट्रैफिक पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था संभालने, वीआईपी मूवमेंट और रूट डायवर्जन जैसी जिम्मेदारियां लगातार निभा रहे थे।

खबर प्रकाशित होने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया और ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के लिए तत्काल राहत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके तहत अब कई स्थानों पर पुलिसकर्मी छाता लगाकर ड्यूटी करते नजर आ रहे हैं। इससे उन्हें तेज धूप से काफी राहत मिल रही है और वे बेहतर तरीके से अपनी जिम्मेदारी निभा पा रहे हैं।

एसीपी ट्रैफिक प्रथम रितेश त्रिपाठी व ट्रैफिक इंस्पेक्टर अजय यादव ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को छाते उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही उन्हें समय-समय पर पानी पीने और स्वास्थ्य का ध्यान रखने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि वे सुरक्षित रहकर बेहतर कार्य कर सकें। दैनिक करंट क्राइम द्वारा उठाया गया यह मुद्दा अब ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के लिए राहत का कारण बन गया है। सड़क पर ड्यूटी करने वाले जवानों ने भी इस पहल पर संतोष जताया है।

संपादकीय

हीटवेव का कहर

भारत के कई हिस्से भीषण गर्मी और हीटवेव की चपेट में हैं, जहां तापमान सामान्य से 3-5 डिग्री अधिक है। हल्ड और अन्य रिपोर्ट्स चेतावनी दे रही हैं कि लू के दिन तेजी से बढ़ रहे हैं। हीटवेव का असर स्वास्थ्य, कामकाज और अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, क्लाइमेट चेंज और अल-नीनो के कारण आने वाले वर्षों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

देश का एक बड़ा हिस्सा इस समय भट्ठी बना हुआ है। उत्तर से लेकर मध्य भारत तक, ज्यादातर शहरों में औसत तापमान सामान्य से 3-5 डिग्री सेल्सियस ऊपर चल रहा है। फिलहाल राहत के संकेत नहीं है और अल-नीनो की वजह से मौसम आगे और कड़ी परीक्षा ले सकता है।

शहरों पर संकट भारत में गर्मी अब हर साल एक नया रेकॉर्ड बना रही है। चिंताजनक बात यह है कि दिन तो तपते ही हैं, अब रातें भी राहत देने वाली नहीं रहीं। इस 20 तारीख को दिल्ली ने मई महीने में 13 साल की सबसे गर्म रात देखी, जब न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस ऊपर रहा। हाल के बरसों में हीटवेव की तीव्रता, उसका समय और सीमा अभूतपूर्व रूप से बढ़े हैं। शहरों पर संकट ज्यादा है, जो घटती हरियाली, बढ़ते कंक्रीट स्ट्रक्चर और प्रदूषण की वजह से 'अर्बन हीट आईलैंड इफेक्ट' झेल रहे हैं।

काम पर असर मौसम की यह मार दोतरफा है सेहत और अर्थव्यवस्था दोनों पर। नैशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के मुताबिक, 2025 में हीट स्ट्रोक के सात हजार से ज्यादा सस्पेक्टेड केस सामने आए थे। हालांकि माना जाता है कि भारत में हीट स्ट्रोक और उससे होने वाली मौतों का सही आंकड़ा रिपोर्ट नहीं हो पाता। देश की एक बड़ी आबादी मौसम का सीधा वार झेलती है। इनमें गिग वर्कर्स, दिहाड़ी मजदूर, स्ट्रीट वेंडर्स वगैरह हैं। घर बैठने से न इनका काम चलेगा और न देश का। इस मौसम में ये सबसे ज्यादा जोखिम में होते हैं। इनकी सुरक्षा के लिए कुछ कदम उठाए जा सकते हैं, जैसे सार्वजनिक शेल्टर, पेयजल की व्यवस्था और जहां संभव हो वहां काम के घंटों में बदलाव। गंभीर चेतावनी गर्मी से कार्यक्षमता पर असर पड़ता है, काम के घंटे कम होते हैं और प्रॉडक्टिविटी भी घट जाती है। यह अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदेह है। McKinsey Global Institute का आकलन है कि यही हाल रहा तो 2030 तक गर्मी की वजह से भारत की GDP का 4.5% प्रभावित होगा। ये सारे आंकड़े गंभीर चेतावनी हैं। क्लाइमेट चेंज की वजह से मौसम और बिगड़ने की आशंका है, बेहतर रहेगा अगर तैयारी पहले से हो।

भीषण गर्मी में बिजली मांग ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

देश में 21 मई को बिजली की अधिकतम मांग 270.82 गीगावाट पहुंची, लगातार चौथे दिन नया रिकॉर्ड बना। बढ़ती गर्मी और एसी-कूलर के बढ़ते इस्तेमाल से खपत तेजी से बढ़ी, हालांकि सरकार ने आपूर्ति व्यवस्था को नियंत्रण में बताया

नई दिल्ली। भीषण गर्मी के कारण भारत की दिन की अधिकतम बिजली मांग 21 मई को रिकॉर्ड 270.82 गीगावाट तक पहुंच गई। विद्युत मंत्रालय ने बताया कि पिछले चार दिनों से मांग लगातार बढ़ रही है, हालांकि आपूर्ति नियंत्रण में है। देश में तीव्र गर्मी की लहर के बीच भारत की दिन की अधिकतम बिजली मांग 21 मई को रिकॉर्ड 270.82 गीगावाट तक पहुंच गई। विद्युत मंत्रालय ने बताया कि पिछले चार दिनों से बिजली की मांग सभी पिछले रिकॉर्ड तोड़ रही है। बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी के कारण बिजली की खपत में तेजी से वृद्धि हुई है।

मंत्रालय के अनुसार, 18 मई को दिन की अधिकतम बिजली मांग 257.37 गीगावाट दर्ज की गई थी। यह मांग 19 मई को बढ़कर 260.45 गीगावाट हो गई। इसके बाद 20 मई को यह 265.44 गीगावाट और 21 मई को 270.82 गीगावाट तक पहुंच गई। दिन के समय, खासकर दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच, तापमान अपने उच्चतम स्तर पर रहता है। इसी दौरान वातानुकूलक, कूलर और पंखे जैसे शीतलन उपकरणों का उपयोग तेजी से बढ़ता है। सरकार गर्मी के मौसम में बिजली की मांग और उत्पादन के रुझानों पर करीब से नजर रख रही है।

मांग में वृद्धि के कारण

देश के कई हिस्सों में तीव्र गर्मी की स्थिति और लू के लंबे दौर जारी हैं। इससे बिजली आपूर्ति प्रणालियों और ग्रिड प्रबंधन पर दबाव बढ़ रहा है। आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली की खपत में वृद्धि हुई है। विद्युत मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि बढ़ती गर्मी के कारण बिजली की मांग में वृद्धि हुई है।

आपूर्ति और विवेकपूर्ण उपयोग

मांग में तेज वृद्धि के बावजूद, मंत्रालय ने कहा कि बिजली आपूर्ति की स्थिति नियंत्रण में है। देश भर में बिजली की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। मंत्रालय ने जोर दिया कि हालांकि हम आवश्यकतानुसार बिजली की आपूर्ति के लिए तैयार हैं, लेकिन तीव्र गर्मी के कारण सभी को बुद्धिमानी और विवेकपूर्ण तरीके से बिजली का उपयोग करना चाहिए।

जमीन कब्जाने और धन शोधन केस में ईडी का बड़ा एक्शन

कोलकाता से मुर्शिदाबाद तक कई ठिकानों पर छापेमारी

नई दिल्ली। ईडी ने जमीन कब्जाने और धन शोधन मामले में शुक्रवार को कोलकाता और मुर्शिदाबाद के कई ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई पूर्व डिप्टी कमिश्नर शांतनु सिन्हा बिस्वास और कुख्यात भूमि माफिया बिस्वजीत पोद्दार उर्फ सोना पप्पू से जुड़े मामलों में की गई। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार सुबह से कोलकाता और पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में बड़े पैमाने पर छापेमारी और तलाशी अभियान शुरू किया। यह कार्रवाई जमीन कब्जाने और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में की जा रही है, जिनमें कोलकाता पुलिस के पूर्व डिप्टी कमिश्नर शांतनु सिन्हा बिस्वास और कुख्यात स्थानीय भूमि माफिया बिस्वजीत पोद्दार उर्फ सोना पप्पू का नाम सामने आया है। शांतनु सिन्हा बिस्वास और सोना पप्पू को इसी महीने केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने गिरफ्तार किया था। फिलहाल दोनों एजेंसी की हिरासत में हैं और उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। जांच के दौरान मिले इनपुट और पूछताछ में सामने आए नामों के आधार पर शुक्रवार को कई जगहों पर एक साथ छापेमारी की गई।

इसके कुछ ही देर बाद ईडी की दूसरी टीम सेंट्रल कोलकाता के रॉयड स्ट्रीट स्थित एक होटल पहुंची। जांच अधिकारियों ने सबसे पहले होटल मैनेजर से पूछताछ की और उसके बाद होटल परिसर में तलाशी अभियान शुरू किया। सूत्रों के अनुसार, होटल मालिक को भी तुरंत होटल पहुंचने के लिए कहा गया है ताकि उससे पूछताछ की जा सके। इसी क्रम में ईडी की तीसरी टीम दक्षिण कोलकाता के कस्बा इलाके में एक पुलिस अधिकारी के घर पहुंची। बताया जा रहा है कि यह पुलिस अधिकारी पूर्व डिप्टी कमिश्नर शांतनु सिन्हा बिस्वास का करीबी सहयोगी माना जाता है।

बैंकिंग-एनबीएफसी शेयरों के बूते चढ़ा बाजार, सेंसेक्स 232 अंक ऊपर, निफ्टी 23700 के पार

नई दिल्ली। बैंकिंग और एनबीएफसी शेयरों में बढ़त के दम पर हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 232 अंक चढ़कर 75,415 पर और निफ्टी 23,700 के पार बंद हुआ। शुक्रवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक तेजी के साथ बंद हुए।



इसमें ब्लू-चिप बैंक शेयरों में खरीदारी और वैश्विक बाजारों में उछाल का अहम योगदान रहा। अमेरिका-ईरान शांति वार्ता में प्रगति की उम्मीदों ने भी बाजार के उत्साह को बढ़ाया। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 231.99 अंक या 0.31 फीसदी चढ़कर 75,415.35 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 627.61 अंक या 0.83 फीसदी उछलकर 75,810.97 के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 64.60 अंक या 0.27 फीसदी बढ़कर 23,719.30 पर समाप्त हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से ट्रेंट, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस प्रमुख लाभ में रहे। वहीं, सन फार्मा, आईटीसी, पावर ग्रिड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स नुकसान में रहे।

बाजार की चाल पर जानकारों की क्या राय?

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि घरेलू बाजार में निचले स्तरों पर खरीदारी हुई। साथ ही, मध्य पूर्व में तनाव कम होने की उम्मीदों से वैश्विक संकेत भी सकारात्मक रहे। वैश्विक स्तर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता निवेश मुख्य चालक बना रहा, जबकि घरेलू स्तर पर वित्तीय शेयरों ने बढ़त दर्ज की।

वैश्विक बाजार और कच्चे तेल की चाल कैसी?

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.3 फीसदी चढ़कर 104.7 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक तेजी के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार भी सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को अमेरिकी बाजार भी बढ़त के साथ बंद हुए थे।

विदेशी निवेशकों की भूमिका कैसी रही?

एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने पिछले सत्र में 1,891.21 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इस बिकवाली के कारण पिछले दिन बाजार में गिरावट दर्ज की गई थी। गुरुवार को तीस शेयरों वाला बीएसई बेंचमार्क 135.03 अंक या 0.18 फीसदी गिरकर 75,183.36 पर बंद हुआ था।

रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर पाये जाते हैं।
- दुनिया के अधिकतर लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट के भीतर ही सो जाते हैं।
- आप जिससे प्यार करते हैं उसके बगल में सोने से न केवन अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढ़ती है, आपको नींद अच्छी और गहरी आती है।
- क्या आप जानते है कि, भारत ने 100000 वर्षो में एक बार भी किसी के ऊपर पहले आक्रमण नहीं किया है।
- नाक पकड़ें कहीं गर्म तो नहीं हैं, क्या कहा गर्म है, यानी आप झूठ बोलते हैं, झूठ बोलने में पीएचडी किए हो क्या।
- हीरे की खुदाई सबसे पहले हमारे भारत देश में ही हुआ था।
- आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि औसतन कोई भी इंसान 1 साल में 50 लाख बार सांस लेता है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- इंसान एक दिन में आधे घंटे सोने के बराबर पलके झपकाता है।
- इटली के अधिकतर लोग नए साल पर लाल रंग का अंडरवियर पहनते हैं, वो इसे लकी मानते हैं।

आरबीआई ने सरकार को दिया रिकॉर्ड 2.87 लाख करोड़ रुपये का लाभांश

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार को 2.87 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश देने की घोषणा की है। यह बड़ा वित्तीय हस्तांतरण भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच सरकार को महत्वपूर्ण आर्थिक मदद देगा। केंद्रीय बैंक के इस फैसले से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

यह लाभांश पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 2.69 लाख करोड़ रुपये के अधिशेष हस्तांतरण से 27.4 फीसदी अधिक है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार को 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश दिया था। इससे पहले वित्त वर्ष 2022-23 के लिए यह राशि 87,416 करोड़ रुपये थी। लाभांश भुगतान का यह महत्वपूर्ण निर्णय आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 623वीं बैठक में लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता गवर्नर संजय मल्होत्रा ने की। आरबीआई ने अपने बयान में बताया कि जोखिम प्रावधान और सांविधिक निधियों में हस्तांतरण से पहले शुद्ध आय वित्त वर्ष 2025-26 में 3,95,972.10 करोड़ रुपये रही। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 3,13,455.77 करोड़ रुपये थी। केंद्रीय बैंक की आय में यह उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में 81,590 करोड़ रुपये की तरलता भी डाली भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बैंकिंग प्रणाली में 81,590 करोड़ रुपये की अस्थायी तरलता भी डाली।

केंद्रीय बैंक की वित्तीय स्थिति

केंद्रीय बैंक की बैलेंस शीट 31 मार्च 2026 तक 20.61 फीसदी बढ़कर 91,97,121.08 करोड़ रुपये हो गई है। यह वृद्धि आरबीआई की मजबूत वित्तीय स्थिति को दशार्ती है। बैंक की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इससे सरकार को अधिक अधिशेष (लाभांश) देना संभव हो पाया है। यह देश की वित्तीय स्थिरता के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

सरकार को मिलेगी बड़ी राहत

सरकार को यह रिकॉर्ड लाभांश ऐसे समय में मिला है जब उसे विभिन्न विकास परियोजनाओं और कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन की आवश्यकता है। यह राशि राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने में भी सहायक हो सकती है। भू-राजनीतिक तनावों के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता बनी हुई है। ऐसे में आरबीआई का यह कदम सरकार के लिए एक बड़ी राहत है।

महंगाई के बीच बढ़ सकती हैं ब्याज दरें, जून से महंगा हो सकता है लोन

नई दिल्ली। लगातार बढ़ रही महंगाई के बीच पेट्रोल-डीजल के बाद अब ब्याज दरें भी आपकी जेब ढीली करने वाली हैं। आरबीआई जून यानी अगले महीने से ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने की तैयारी कर रहा है। स्टैंडर्ड चार्टर्ड के अर्थशास्त्रियों ने बृहस्पतिवार को नोट में कहा, ईरान संकट के कारण कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से महंगाई पर बढ़ते जोखिम को देखते हुए आरबीआई जून से ही ब्याज दरें बढ़ाना शुरू कर सकता है। इसके बाद अगस्त में भी एक बढ़ोतरी होगी। अर्थशास्त्री अनुभूति सहाय और सौरभ आनंद ने कहा, वैश्विक बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और अन्य एशियाई केंद्रीय बैंकों के ब्याज दरें बढ़ाने से आरबीआई पर भी दबाव बढ़ रहा है।

दोनों अर्थशास्त्रियों ने कहा, मौजूदा हालात को देखते हुए आरबीआई रेपो दर में 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी कर सकता है, जिसे जून और अगस्त के बीच बराबर बांटा जाएगा। हालांकि, अगर 3 जून से होने वाली आरबीआई की तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो दर में वृद्धि नहीं हुई, तो अगस्त में एक साथ 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी की जा सकती है। अगर ऐसा हुआ, तो आपके कार, होम और पर्सनल लोन की मासिक किस्त (ईएमआई) बढ़ जाएगी।

अर्थशास्त्रियों ने नोट में आगे कहा, अगर कमोडिटी की कीमतों पर लगातार दबाव और कमजोर रुपये की वजह से महंगाई उम्मीद से ज्यादा बढ़ती है, तो आरबीआई मार्च के आखिर तक रेपो दर में 25 से 50 आधार अंकों की और बढ़ोतरी कर सकता है। भारतीय कंपनियों का दूसरे देशों में निवेश दोगुना होकर 3.4 अरब डॉलर भारतीय कंपनियों ने अप्रैल में दूसरे देशों में कुल करीब 3.40 अरब डॉलर का निवेश किया।

एलआईसी का मुनाफा 23 फीसदी बढ़कर 23,420 करोड़ रुपये पहुंचा

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में शुद्ध मुनाफा 23 फीसदी बढ़कर 23,420 करोड़ रुपये पहुंच गया। प्रीमियम आय 11,069 करोड़ से बढ़कर 12,970 करोड़ पहुंच गई। एलआईसी ने बृहस्पतिवार को कहा, उसकी नवीकरण प्रीमियम से आय 79,138 करोड़ से बढ़कर 81,933 करोड़ हो गई। कंपनी के निदेशक मंडल ने प्रति शेयर 10 रुपये का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है।

राशिफल

मेष: कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। परिवार का साथ मिलेगा। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृष: कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। प्रतियोगी परीक्षा और साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

मिथुन: शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी।

कर्क: क्रोध के अतिरेक से बचें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। वाहन सुख का विस्तार होगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

सिंह: सहन कष्टमय हो सकता है। बहन-भाइयों का साथ मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी अभी बनी रह सकती हैं। आत्मसंयत रहें।

कन्या: धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साधन बन सकते हैं। मन परेशान रहेगा।

तुला: पिता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है।

वृश्चिक: पारिवारिक जीवन कष्टमय हो सकता है। अति उत्साही होने से बचें। जीवनसाथी से नोंकझोंक हो सकती है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

धनु: मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। मन परेशान रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

मकर: माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। वाहन सुख की प्राप्ति हो सकती है। मानसिक सुकून रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

कुंभ: मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जाना हो सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मीन: रहन-सहन कष्टमय रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। नौकरी में यात्रा के योग बन रहे हैं।

चुटकुले

पत्नी : सुनो जी, मैं कैसी लग रही हूं?
पति : कसम से दिल खुश हो गया।
पत्नी : सच में?
पति : हां, आज पहली बार डर नहीं लगा।

पति : आज खाने में क्या बनाया है?
पत्नी : जो तुम कहो।
पति : दाल बना लो।
पत्नी : अभी मूड नहीं है।
पति : तो पनीर बना लो।
पत्नी : इतनी मेहनत कौन करे!
पति : फिर क्या बनाया?
पत्नी : वहीङ्क जो मेरा मन था।

पति मोबाइल चला रहा था।
पत्नी : किससे चैट कर रहे हो?
पति : भगवान से।
पत्नी : वो कैसे?
पति : WiFi बंद है, सिर्फ ऊपर वाला ही बचा सकता है।

पत्नी : शादी के बाद तुम बदल गए हो।
पति : मैंने तो शादी से पहले ही बता दिया था कि मुझे शांति पसंद है।
पत्नी : तो?
पति : अब कोशिश कर रहा हूं कहीं मिल जाए।

23 05 2026 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

आज के जन्मदिन

टिया बाजपेई (अभिनेत्री)

हिमांश

बलदेव माथुर

अंशु सिंह

अनुराधा श्रीवास्तव

शक्ति सिंह (पत्रकार)

सीए विनेश वार्ष्णेय

अशोक कुमार

अंकित नागर

नरेन्द्र भारद्वाज

किशन पंडित

शैलेश चौधरी

डॉ. प्रमोद त्यागी

प्रवीण कुमार

संजय कुमार

गौरव रावल

सवित तोमर

अनुज पंडित

नवीन भारद्वाज

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

ऑस्ट्रेलिया से सीरीज के लिए पाकिस्तान की वनडे टीम घोषित

बाबर-नसीम और हारिस की वापसी, रिजवान बाहर

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। शाहीन अफरीदी को कप्तानी सौंपी गई है, जबकि बाबर आजम, शादाब खान, हारिस रऊफ और नसीम शाह की टीम में वापसी हुई है। वहीं खराब प्रदर्शन के बाद मोहम्मद रिजवान को टीम से बाहर रखा गया है। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला वनडे 30 मई को रावलपिंडी में खेला जाएगा।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी। टीम की कमान एक बार तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को सौंपी गई है। इस टीम में कई बड़े खिलाड़ियों की वापसी हुई है। बाबर आजम, शादाब खान, नसीम शाह और हारिस रऊफ को वनडे टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा सूफियान मुकीम की भी वापसी हुई है, जो बांग्लादेश के खिलाफ पिछली सीरीज का हिस्सा नहीं थे। वहीं, अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को टीम से बाहर कर दिया गया है।

पाकिस्तान-ऑस्ट्रेलिया सीरीज का कार्यक्रम

ऑस्ट्रेलियाई टीम 23 मई को पाकिस्तान पहुंचेगी। पहला वनडे 30 मई को रावलपिंडी में खेला जाएगा, जबकि दूसरा और तीसरा मुकाबला दो और चार जून को लाहौर में होगा। दोनों टीमों के बीच पिछली वनडे सीरीज 2024 में ऑस्ट्रेलिया में खेली गई थी, जिसमें पाकिस्तान ने 2-1 से जीत दर्ज की थी। यह 22 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान की पहली वनडे सीरीज जीत थी।

तीन नए खिलाड़ियों को मौका

पाकिस्तान की टीम में तीन ऐसे खिलाड़ियों को मौका मिला है, जिन्होंने अभी तक वनडे डेब्यू नहीं किया है। अहमद दानियाल, अराफात मिन्हास और रोहैल नजीर पहली बार वनडे टीम का हिस्सा बने हैं। हालांकि ये तीनों खिलाड़ी टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके हैं। पीसीबी के मुताबिक, उस्मान खान बीमारी की वजह से चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।

मोहम्मद रिजवान को नहीं मिली जगह: रिजवान को टीम में शामिल न करना सबसे चौंकाने वाला फैसला रहा।

पाकिस्तान सुपर लीग में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था, जिसके बाद चयनकताओं ने उन्हें इस सीरीज के लिए नजरअंदाज किया। रिजवान बांग्लादेश के खिलाफ इसी साल मार्च में खेली गई वनडे सीरीज की टीम में शामिल थे।

वहीं फखर जमां और सैम अयूब भी चोट के कारण टीम में शामिल नहीं किए गए हैं। दोनों खिलाड़ी फिलहाल पीसीबी के मेडिकल पैनल की निगरानी में रिहैब कर रहे हैं।

मलयेशिया मास्टर्स में समाप्त हुआ अश्मिता चालिहा का सफर, क्वार्टर फाइनल में मिली हार

कुआलालंपुर। भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा का मलयेशिया मास्टर्स में शानदार अभियान क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। अश्मिता को महिला एकल वर्ग में लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ड के हाथों शिकस्त मिली।

भारत की अश्मिता चालिहा का मलयेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट के महिला एकल में शानदार सफर शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में हार के साथ थम गया। चालिहा ने हालांकि डेनमार्क की विश्व में 23वें नंबर खिलाड़ी लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ड के सामने कड़ी चुनौती पेश की। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली विश्व में 71वें रैंकिंग की भारतीय खिलाड़ी ने कड़े संघर्ष के बाद शुरूआती गेम जीता, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाईं और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय तक चले मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से 23-21, 18-21, 11-21 से हार गईं।

चालिहा ने की थी शानदार शुरूआत

चालिहा ने शानदार शुरूआत करते हुए पहले गेम में इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली। लाइन इसके बाद वापसी करके 19-18 से आगे हो गईं, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने संयम बनाए रखा और गेम अपने नाम कर लिया।

दूसरा गेम भी कुछ इसी तरह चला, जिसमें चालिहा ने एक बार फिर 10-5 की बढ़त बना ली, लेकिन डेनमार्क की खिलाड़ी ने 13-13 से बराबरी कर ली। इसके बाद लाइन ने मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। अंतिम गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा क्योंकि लाइन ने शुरूआत में ही 8-4 की बढ़त बनाकर अपना दबदबा कायम कर लिया और चालिहा को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

गुजरात की जगह टॉप-2 में तय, अब SRH-RCB के बीच आर-पार की लड़ाई

टीम	मैच	जीत	हार	बेनतीजा	अंक	नेट रन रेट
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	13	9	4	0	18	+1.065
गुजरात टाइटंस	14	9	5	0	18	+0.695
सनराइजर्स हैदराबाद	13	8	5	0	16	+0.350
राजस्थान रॉयल्स	13	7	6	0	14	+0.083
पंजाब किंग्स	13	6	6	1	13	+0.227
कोलकाता नाइट राइडर्स	13	6	6	1	13	+0.011
चेन्नई सुपर किंग्स	14	6	8	0	12	-0.345
दिल्ली कैपिटल्स	13	6	7	0	12	-0.871
मुंबई इंडियंस	13	4	9	0	8	-0.510
लखनऊ सुपर जाएंट्स	13	4	9	0	8	-0.702

मुंबई। गुजरात टाइटंस ने सीएसके पर 89 रन की बड़ी जीत के साथ टॉप-2 में अपनी जगह पक्की कर ली है। अब क्वालिफायर-1 के लिए दूसरी जगह सनराइजर्स और आरसीबी के बीच तय होगी। वहीं चौथे प्लेऑफ स्पॉट के लिए राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच कड़ी टक्कर जारी है। कई टीमों की किस्मत अब नेट रन रेट और बाकी मैचों के नतीजों पर निर्भर करेगी।

आईपीएल 2026 अब अपने अंतिम दौर में है। 31 मई को फाइनल होना है, लेकिन अब तक प्लेऑफ की चौथी टीम तय नहीं हो पाई है। वहीं, शीर्ष दो को लेकर भी कड़ी टक्कर है। गुजरात टाइटंस ने गुरुवार को चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की कर ली, लेकिन दूसरी टीम को लेकर जंग सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में है।

ये दोनों टीमें आपस में टकराएंगी। आरसीबी अगर जीती तो अंक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए प्लेऑफ में जाएगी। वहीं, सनराइजर्स को न सिर्फ जीत दर्ज करनी है, बल्कि नेट रन रेट में भी आरसीबी को पीछे छोड़ना होगा, जो कि आसान नहीं रहने वाला है।

शीर्ष-दो में पहुंचने की लड़ाई, कौन जीतेगा बाजी

गुजरात ने आईपीएल के इतिहास में पांच सीजन में तीसरी बार टॉप-2 फिनिश सुनिश्चित की है, जो कि एक शानदार रिकॉर्ड है। वहीं, शीर्ष-दो की दूसरी टीम का फैसला आज होगा। शाम साढ़े सात बजे सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी की टीमें हैदराबाद में टकराएंगी। आरसीबी के फिलहाल 13 मैचों में 18 अंक हैं और वह शीर्ष पर है, जबकि सनराइजर्स के 13 मैचों में 16 अंक हैं और टीम तीसरे स्थान पर है। आरसीबी का नेट रन रेट +1.065 है, जो कि शानदार है। वहीं, सनराइजर्स का नेट रन रेट +0.350 है। उसे सिर्फ जीत नहीं, बल्कि बड़े अंतर से जीत हासिल करनी होगी।

सनराइजर्स को टॉप-2 में पहुंचने के लिए क्या करना होगा

हम आपको बताता हैं कि सनराइजर्स को कितने रनों से या फिर कितने ओवर में जीत हासिल करनी होगी, ताकि वे आरसीबी को नेट रन रेट में पीछे छोड़ सकें। यहां नेट रन रेट का मूल्यांकन 200 रन के पहली पारी के स्कोर के आधार पर किया गया है।

धोनी के नाम पर CSK ने किया स्कैम!

श्रीकांत ने फ्रेंचाइजी पर धोखा देकर टिकट बेचने का क्यों लगाया आरोप

चेन्नई। धोनी इस पूरे सीजन नहीं खेले। उनको खेलते देखने की उम्मीदें लेकर आए फैंस को हर मैच में निराशा ही मिली। अब पूर्व क्रिकेटर श्रीकांत ने सीएसके मैनेजमेंट पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएसके ने धोनी के नाम का इस्तेमाल कर टिकट बेचे हैं।

भारत के पूर्व कप्तान और चीफ सेलेक्टर रह चुके के श्रीकांत ने चेन्नई सुपर किंग्स को जमकर लताड़ा है। उन्होंने सीएसके पर फैंस को धोनी के नाम पर धोखा देने का गंभीर आरोप लगाया। श्रीकांत ने कहा है कि सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने धोनी के नाम का इस्तेमाल कर फैंस को गुमराह किया और उन्हें स्टेडियम में आने के लिए मजबूर किया। लेकिन टीम धोनी के बिना ही पूरे टूनार्मेंट में खेली। श्रीकांत ने आरोप लगाया है कि ऋतुराज और फ्लेमिंग पूरे टूनार्मेंट में धोनी की फिटनेस को लेकर फैंस से झूठ बोलते रहे।

क्या है 'एमएस धोनी स्कैम' विवाद: सोशल मीडिया पर वायरल हुए 'एमएस धोनी स्कैम' विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए श्रीकांत ने सीएसके मैनेजमेंट पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि टीम मैनेजमेंट ने यह जानते हुए भी कि धोनी पूरे सीजन एक भी मैच नहीं खेलने वाले हैं, फैंस की भावनाओं और धोनी की लोकप्रियता का इस्तेमाल किया।यह मुद्दा तब और बढ़ा जब पूर्व आईपीएल खिलाड़ी अनिरुद्ध श्रीकांत ने अपने शो में सोशल मीडिया पर चल रही फैंस की नाराजगी का जिक्र किया और अपने पिता से इस पर राय मांगी। इस दौरान श्रीकांत ने साफ शब्दों में कहा कि फ्रेंचाइजी को

'सीएसके धोनी के ट्रेनिंग वीडियो दिखाती थी'

यूट्यूब पर श्रीकांत ने कहा, 'सीजन शुरू होने से पहले उन्होंने कहा था कि धोनी को पैर में चोट है और उम्मीद है कि वह जल्द लौटेंगे। स्टीफन फ्लेमिंग भी वही बात कहते रहे, ऋतुराज गायकवाड़ भी यही कहते रहे कि वह अगले मैच के लिए तैयार हो सकते हैं। फिर हर मैच से पहले सीएसके धोनी के ट्रेनिंग वीडियो दिखाती थी, ताकि फैंस को लगे कि वह फिट हैं और शायद खेल सकते हैं।'

विश्वकप से पहले कंगाली में पाकिस्तान हॉकी टीम

नई दिल्ली। विश्व कप से पहले पाकिस्तान हॉकी टीम आर्थिक संकट में फंस गई है। खिलाड़ियों ने बकाया भुगतान न मिलने और ट्रेनिंग भत्ता 3000 से घटाकर 1000 रुपये किए जाने पर पीएचएफ के खिलाफ नाराजगी जताई है। एक तरफ पाकिस्तान हॉकी टीम एफआईएच विश्व कप और प्रो लीग की तैयारियों में जुटी है, वहीं दूसरी तरफ खिलाड़ियों की आर्थिक बदहाली ने पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ) की पोल खोलकर रख दी है। हालात इतने खराब हैं कि राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी अपने ही बोर्ड से बकाया रकम और दैनिक भत्ते की गुहार लगा रहे हैं। पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने विदेशी दौरों के लिए खिलाड़ियों और अधिकारियों को 110 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन देने का एलान तो कर दिया, लेकिन खिलाड़ियों का कहना है कि उन्हें अब तक पुराने बकाये तक नहीं मिले हैं। ऊपर से ट्रेनिंग कैंप का दैनिक भत्ता 3000 पाकिस्तानी रुपये से घटाकर सिर्फ 1000 रुपये कर दिया गया है।

- खिलाड़ियों को नहीं मिल रहा पैसा, 1000 रुपये भत्ते पर मचा बवाल

'राष्ट्रीय खिलाड़ियों का अपमान': पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 1000 रुपये रोजाना में एक खिलाड़ी क्या तैयारी करेगा।

चेन्नई सुपर किंग्स पर BCCI की बड़ी कार्रवाई

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ समेत पूरी टीम को क्यों मिली सजा

अहमदाबाद। आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स का सफर बेहद निराशाजनक तरीके से खत्म हुआ। गुजरात टाइटंस के खिलाफ टीम को 89 रन से करारी हार झेलनी पड़ी, जिसके बाद प्लेऑफ की उम्मीदें भी समाप्त हो गईं। मैच के बाद आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और पूरी टीम पर जुमार्ना लगाया। यह सीजन में सीएसके का दूसरा स्लो ओवर-रेट अपराध था।

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2026 का आखिरी मुकाबला किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने हर विभाग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सीएसके को 89 रन से हरा दिया। इस हार के साथ चेन्नई की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई।

मैच खत्म होने के बाद बीसीसीआई की आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने टीम पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की घोषणा की। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर 24 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया, जबकि प्लेइंग इलेवन और इम्पैक्ट प्लेयर सहित बाकी खिलाड़ियों पर छह-छह लाख रुपये या मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, का जुमार्ना लगाया गया।

आईपीएल ने जारी किया आधिकारिक बयान: आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'ऋतुराज गायकवाड़ की टीम ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में निर्धारित समय के भीतर ओवर पूरे नहीं किए। यह सीजन में टीम का दूसरा स्लो ओवर-रेट अपराध था, इसलिए कप्तान पर 24 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।' बयान में आगे कहा गया, 'प्लेइंग इलेवन और इम्पैक्ट प्लेयर सहित बाकी खिलाड़ियों पर छह लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, का जुमार्ना लगाया जाएगा।'

बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही

230 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई की शुरूआत बेहद खराब रही। हालांकि शिवम दुबे ने 17 गेंदों में 47 रन की तेज पारी खेलकर उम्मीद जगाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें दूसरे बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। पूरी टीम बड़े लक्ष्य के सामने बिखर गई और भारी हार झेलनी पड़ी।

अगले सीजन से पहले बड़े बदलाव संभव: टीम के खराब प्रदर्शन और लगातार असफलताओं के बाद अब चेन्नई सुपर किंग्स में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। खासकर एमएस धोनी के भविष्य को लेकर अभी भी सस्पेंस बना हुआ है।

विनेश फोगाट को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत, अयोग्य घोषित करने के फैसले पर कोर्ट ने WFI को फटकारा

नई दिल्ली। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने केंद्र से यह सुनिश्चित करने को कहा कि फोगाट को आगामी एशियाई खेलों के चयन ट्रायल्स में भाग लेने की इजाजत दी जाए।

दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फटकार लगाई। डब्ल्यूएफआई ने पहलवान विनेश फोगाट को घरेलू टूनार्मेंट में हिस्सा लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। कोर्ट ने केंद्र से कहा कि विशेषज्ञों की टीम बनाकर विनेश की स्थिति का मूल्यांकन किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि वह ट्रायल में हिस्सा ले सकें।

चीफ जस्टिस डी.के. उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने केंद्र सरकार से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि फोगाट को आने वाले एशियन गेम्स के सिलेक्शन ट्रायल में हिस्सा लेने की इजाजत दी जाए। विनेश मातृत्व अवकाश के बाद खेल में वापसी करना चाहती हैं। पीठ ने टिप्पणी की कि डब्ल्यूएफआई का शीर्ष खिलाड़ियों को भाग लेने की अनुमति देने की पूर्व प्रथा पर नहीं चलना ह्यबहुत कुछ कहता है।

पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि देश में मातृत्व का जश्न मनाया जाता है और संघ को ह्यप्रतिशोधह्न की भावना से कार्य नहीं करना चाहिए। अदालत ने केंद्र से फोगाट का मूल्यांकन करने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल गठित करने को कहा। हाईकोर्ट ने मौखिक रूप से कहा, 'विशेषज्ञों से उसकी संभावनाओं का मूल्यांकन करने को कहें। यह सुनिश्चित करें कि वह भाग ले सके।'

बता दें कि इससे पहले 18 मई को हाई कोर्ट की एकल पीठ ने विनेश फोगाट को 30 और 31 मई को होने वाले एशियन गेम्स चयन ट्रायल में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। वहीं, डब्ल्यूएफआई ने हाल ही में विनेश को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और जून 2026 तक घरेलू टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित किया था।

अल नस्र को खिताब जिताने के बाद फूट-फूटकर रोए रोनाल्डो

रियाद। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने आखिरकार अल-नस्र के साथ अपना पहला बड़ा खिताब जीत लिया। डामैक के खिलाफ 4-1 की जीत में रोनाल्डो ने दो गोल दागे और टीम को सऊदी प्रो लीग चैंपियन बनाया। जीत के बाद रोनाल्डो का अलग अंदाज देखने को मिला, जहां वह सिर पर कपड़ा बांधकर, हाथ में ट्रॉफी लेकर ड्रम बजाते नजर आए। सोशल मीडिया पर उनके जश्न के वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो का तीन साल का इंतजार खत्म हो चुका है। अल-नस्र ने डामैक को 4-1 से हराकर सऊदी प्रो लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। यह रोनाल्डो के क्लब से जुड़ने के बाद पहली बड़ी ट्रॉफी है। इस जीत के बाद वह फूट-फूटकर रोए भी। साल 2023 में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने जब अल नस्र का दामन थामा था, तब पूरी फुटबॉल दुनिया हैरान रह गई थी। मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़कर सऊदी प्रो लीग में पहुंचने वाले रोनाल्डो ने लीग की लोकप्रियता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया। हालांकि गोल करने में वह लगातार सफल रहे, लेकिन ट्रॉफी जीतने का इंतजार लंबा खिंचता जा रहा था। अब आखिरकार वह इंतजार खत्म हो गया।

GT को सही समय पर लय पाते देखकर खुश हैं कप्तान शुभमन गिल

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को 89 रन से हराकर आईपीएल 2026 के अंक तालिका में टॉप-2 में अपनी जगह पक्की कर ली। कप्तान शुभमन गिल ने टीम के सही समय पर लय में आने पर खुशी जताई, जबकि सीएसके कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने माना कि गुजरात ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग तीनों विभाग में उनकी टीम को पीछे छोड़ दिया। इस हार के साथ सीएसके का सीजन निराशाजनक तरीके से समाप्त हुआ।

गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को 89 रन से हराकर आईपीएल 2026 के अंक तालिका में टॉप-2 में अपनी जगह पक्की कर ली। कप्तान शुभमन गिल ने टीम के सही समय पर लय में आने पर खुशी जताई, जबकि सीएसके कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने माना कि गुजरात ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग तीनों विभाग में उनकी टीम को पीछे छोड़ दिया। इस हार के साथ सीएसके का सीजन निराशाजनक तरीके से समाप्त हुआ।

गिल बोले- सही समय पर टीम ने पकड़ी लय: मैच के बाद कप्तान शुभमन गिल अपनी टीम के प्रदर्शन से बेहद खुश नजर आए। उन्होंने कहा, 'प्लेऑफ में जाना बहुत जरूरी है। टीम को सही समय पर लय पाते देखकर खुश हूं। मैं जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा हूं, उससे काफी संतुष्ट हूं।'

गिल ने फील्डिंग की भी तारीफ करते हुए कहा, 'पिछले मैच की तुलना में हमारी फील्डिंग काफी बेहतर रही। जब आप इतने अहम मुकाबले खेलते हैं तो भावनाएं भी बाहर आ जाती हैं।'कप्तान ने पिछले सीजन की याद करते हुए कहा कि टीम तब भी टॉप पर थी, लेकिन आखिरी दो मुकाबले हारने के कारण टॉप-2 में जगह नहीं बना पाई थी। उन्होंने कहा, 'इस बार हमने उन गलतियों से सीखने की कोशिश की है। फैंस का बहुत शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने आकर हमारा समर्थन किया।'

गिल-सुदर्शन की साझेदारी ने बदला मैच

गुजरात की जीत की नींव सलामी बल्लेबाजों ने रखी। गिल ने 37 गेंदों में 64 रन बनाए, जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल रहे। वहीं सुदर्शन ने 53 गेंदों में 84 रन की शानदार पारी खेली और लगातार पांचवां अर्धशतक जमाया। दोनों के बीच 125 रन की साझेदारी हुई, जिसने सीएसके के गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। अंत में बटलर ने सिर्फ 27 गेंदों में नाबाद 57 रन बनाकर टीम का स्कोर 229/4 तक पहुंचा दिया।

CSK के लिए सीख भरा रहा सीजन: ऋतुराज ने सीजन को सीख से भरा बताया। उन्होंने कहा, 'बहुत लोग इस बात पर विश्वास नहीं करते कि हम बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं। हमारी टीम में कई युवा खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 20 से भी कम मैच खेले हैं।

इस सीजन ने हमें समझाया कि किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है।' उन्होंने आगे कहा, 'कुछ अहम खिलाड़ियों की चोट ने टीम संतुलन बिगाड़ दिया, लेकिन इसके बावजूद हमने छह शानदार जीत दर्ज कीं। मुझे अपनी टीम पर गर्व है।'

ऋतुराज ने मानी टीम की कमजोरी

हार के बाद सीएसके कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने खुलकर स्वीकार किया कि गुजरात हर विभाग में बेहतर रही। उन्होंने कहा, 'जीटी ने खेल के तीनों विभाग में हमें हराया। उन्होंने शानदार क्रिकेट खेला और जीत का पूरा श्रेय उन्हें जाता है।' ऋतुराज ने माना कि गेंदबाजी में टीम से कई गलतियां हुईं। उन्होंने कहा, 'हम पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए, खासकर गिल और सुदर्शन के खिलाफ। जब दोनों बल्लेबाज सेट हो गए तो उन्हें रोकना काफी मुश्किल हो गया।'

'पिछले मैच की तुलना में हमारी फील्डिंग काफी बेहतर रही : शुभमन

16.61 करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

महापौर बोलीं शहर में नहीं बचेगी कोई टूटी सड़क और जर्जर नाली

- शहर के चारों कोनों में विकास की बौछार

गाजियाबाद, करंट क्राइम । नगर निगम की ओर से शहर में विकास कार्यों की रफ्तार तेज करते हुए शुक्रवार को करीब 16 करोड़ 61 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। महापौर सुनीता दयाल ने विजय नगर वार्ड-7 स्थित सुदामापुरी में विधायक संजीव शर्मा के साथ नारियल फोड़कर और पूजा-अर्चना कर विकास कार्यों की शुरूआत कराई।

इस दौरान बड़ी संख्या में पार्षद, भाजपा पदाधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। क्षेत्रीय लोगों ने विकास कार्य शुरू होने पर महापौर और विधायक संजीव शर्मा का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और जयकारे लगाए। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नगर निगम लगातार शहर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में शहर में कोई ऐसी सड़क नहीं बचेगी जिसमें गड्ढे हों और कोई ऐसा नाला नहीं रहेगा जो जर्जर हालत में हो।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के सहयोग से नगर निगम को पर्याप्त धनराशि मिल रही है, जिससे विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि शहर के हर कोने में चौमुखी विकास कराया जा रहा है। सड़क, नाला, पार्क और सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों से लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। जनता का भरोसा भाजपा और नगर निगम पर लगातार मजबूत हो रहा है।

विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि महापौर लगातार विकास कार्यों के शिलान्यास कर रही हैं, जो सराहनीय है। भाजपा सरकार शहर के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ रही और गाजियाबाद तेजी से विकसित शहर की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का लाभ आगामी चुनावों में भी पार्टी को मिलेगा।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद जलभराव, टूटी सड़कों और खराब नालियों जैसी समस्याओं से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

ट्रांस हिंडन क्षेत्र में हुए प्रमुख विकास कार्य

- ➪ भोवापुर गांव में नीलकंठ अपार्टमेंट से गौमुख टावर तक सीसी सड़क और इंटरलॉकिंग कार्य — लागत लगभग 49 लाख रुपये।
- ➪ साहिबाबाद गांव और झंडापुर क्षेत्र में कई गलियों में आरसीसी नाली और सीसी सड़क निर्माण — लागत लगभग 1.07 करोड़ रुपये।
- ➪ ब्रज विहार में नाले की दीवार और सीसी सड़क निर्माण — लागत लगभग 1.22 करोड़ रुपये।
- ➪ मकनपुर गांव में वेदांतम स्कूल तक सड़क निर्माण — लागत लगभग 1.26 करोड़ रुपये।
- ➪ रामपुरी और सूर्यनगर क्षेत्र में नाला व सड़क निर्माण कार्य — लागत लगभग 82 लाख रुपये।
- ➪ शालीमार गार्डन के एकता पार्क का सौंदर्यीकरण — लागत लगभग 24 लाख रुपये।
- ➪ अलकनंदा सोसाइटी और रामपुरी रेलवे लाइन क्षेत्र में नाला निर्माण — लागत लगभग 96 लाख रुपये।

सिटी क्षेत्र में विकास कार्य

- ➪ सुदामापुरी में नाली और सीसी रोड निर्माण।
- ➪ लोहियानगर में रेलवे लाइन पुल से हीरो शोरूम तक सड़क निर्माण — लागत लगभग 1.33 करोड़ रुपये।
- ➪ हापुड़ चुंगी से रजापुर फ्लाईओवर तक सड़क सुधार कार्य — लागत लगभग 5.60 करोड़ रुपये।
- ➪ जीटी रोड से पंचवटी क्षेत्र तक आरसीसी नाला निर्माण — लागत लगभग 45 लाख रुपये।
- ➪ विजय नगर और प्रताप विहार के पार्कों का सौंदर्यीकरण और फुटपाथ निर्माण।
- ➪ सिहानी चुंगी से आरएस फार्म तक मुख्य सड़क निर्माण — लागत लगभग 1.13 करोड़ रुपये।

तुम उधर रहो या इधर रहो हुक्का तो चौधरियों का ही भरना है तुम्हे

उस मौहल्ले में लड़ाई ही चौधराहट की हो रही है। कहानी में साईकिल वाले भी हैं, कहानी में हाथी वाले भी हैं और कहानी में फूल वाले भी हैं। सितम ये हुआ है कि पूरी फिल्म ही बदल गयी है। साईकिल वाले केसरिया हो गये। जो हाथी पर नीले होकर लड़े थे वो भी केसरिया हो गये। और जो केसरिया चौधराईन इन सबको फ्लॉवर फलेवर में लेकर आयी थी अब ये सारे के सारे उसी के फेवर में नही है। जन्मदिन का केक भी अब फेक सा लग रहा है। बात सभी के मान सम्मान पर आ पहुंची है। तफरी भी मौहल्ले वाले ले रहे हैं और वो बता रहे हैं कि मान सम्मान तो ठीक है लेकिन आप जरा हिस्ट्री भी तो देखो। वो बता रहे हैं कि मिस्ट्री ही ये है कि वो उधर रहें या ईधर रहें उन्हें हुक्का चौधरियों का ही भरना है। दरअसल उनकी आस्था की एक्सपाईरी डेट छोटी है। वो ज्यादा दिन एक जगह टिक नहीं पाते और हम तो यही चाहते हैं कि सब आराम से रहें और सुकून से रहें। हमारी तो उन्हें भी यही सलाह है कि ज्यादा पॉलिटिकल सुरता बनने के चक्कर में कई बार अपनी ही राजनीति का भुरता बन जाता है। अगर वो कायदे से चलते तो फ्लॉवर वालों के यहां ही कुछ ना कुछ फायदे ले ही लेते।

कुछ नहीं करते हमारे लिये ये बड़े लीडर बस भेज देते हैं ईधर से उधर

राजनीति में सबसे रोचक बात ये है कि यहां देवतुल्य सोचता है वो चरण छूकर काम बनवा लेगा और बड़ा लीडर जानता है कि इनका इस्तेमाल कैसे करना है। वो तो 2017 था जब भगवा आंधी आयी थी तो ध्वज प्रणाम वालों के यहां भी मजमा लगने लगा था। अब ये खुमार उतर गया है और बुखार भी उतर गया है। दावेदारी वाली रेस में पूरी ताकत के साथ दौड़ने वाले एक फेल दावेदार ने बताया कि उसके इमोशन के साथ खेल क्या हुआ। उन्होंने कहा कि इतना समझ में आ गया कि ये बड़े लीडर हम जैसों को कहीं कंसीडर नहीं करते हैं। उसने हिसाब लगाकर बताया कि 40 डिब्बे ड्राईफ्रूट के बायोडाटा के साथ गये, काजूकतली इतनी गयी । उसने कहा कि हम तो इस पूरे गेम में फुटबॉल हो गये। ईधर वाला उधर भेज रहा था और ईधर वाला किधर भेज रहा था। जिससे मिलते थे वो यही कहता था कि आप एक बार उनसे और मिल लेना। भाईसाहब मेरी सलाह है कि टिकट लेना है तो पहले समीकरण भांपो, फिर सामने वाले का मनोविज्ञान चेक करो। बिना मतलब में ना हर दर पर जाओ और ना ज्यादा सर झुकाओ।

अगर उसे ही मिलेगा टिकट तो हम कर देंगे उसका चुनाव लड़ना ही विकट

कमाल की सियासत कमल वालों के मौहल्ले में चल रही है। सारी टेंशन ही कमल वालों को है। साईकिल वाले कतई रिलैक्स मोड में हैं। हाथ वाले को कोई लेना देना ही नहीं है। हाथी वाले तो पब्लिक से बात ही नहीं कर रहे हैं। झाड़ू वाले तो पहले से ही रिजर्व चल रहे थे। कमल वाले अब विपक्ष का नही बल्कि पक्ष वालों का ईलाज बांधने में लगे हैं। किस्सा केसरिया मौहल्ले की छोटी पंचायत से जुड़ा है। पार्षद भी केसरिया है और वोटर भी केसरिया है। लेकिन फ्लॉवर वालों का अपना अलग नजरिया है। सुना है कि उन्होंने लोटे में नमक डाल लिया है और वो कह रहे हैं कि पहली बात तो हम इसे टिकट नहीं मिलने देंगे और अगर इसे टिकट मिल भी गया तो भाईसाहब आप लिखकर रख लेना हम इसका जीतना तो दूर चुनाव लड़ना भी विकट कर देंगे। पहली बार केसरिया मौहल्ले में केसरिया रंग को मिटाने के लिए केसरिया देवतुल्य ही संकल्प ले रहे हैं।

'प्रेरणा अचीवर्स अवार्ड 2026' में 510 मेधावी छात्र और 170 शिक्षक सम्मानित

आचार्य प्रमोद कृष्णम, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और सांसद अतुल गर्ग रहे मौजूद

साहिबाबाद करंट क्राइम। राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन की ओर से वीरवार को डीएलएफ पब्लिक स्कूल साहिबाबाद में 'मिशन शिक्षित उत्तर प्रदेश 2047' के अंतर्गत 'प्रेरणा अचीवर्स अवार्ड 2026' का भव्य आयोजन किया गया।

इस समारोह में गाजियाबाद क्षेत्र के 85 स्कूलों के 510 टॉपर छात्र-छात्राओं तथा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले 170 शिक्षक-शिक्षिकाओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि (गेस्ट ऑफ ऑनर) के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा व लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में सीबीएसई की रीजनल डायरेक्टर एस. धारिणी अरुण तथा अध्यक्ष के रूप में मेरठ प्रांत के संपर्क प्रमुख वेद प्रकाश मौजूद रहे।

उन्होंने जानकारी दी कि इस तरह के गौरवशाली आयोजन आगामी दिनों में पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित किए जाएंगे। इसी श्रृंखला में अगला कार्यक्रम 25 मई 2026 को सरस्वती विद्या मंदिर, सेक्टर-12, नोएडा में आयोजित होगा। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने आध्यात्मिक और आत्मिक चिंतन पर गहरा प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के चिंतन से पहले मनुष्य को आत्मिक चिंतन करना चाहिए कि उसके लिए क्या सही है और क्या गलत।

संस्कारित युवा ही देश का भविष्य: पायलट राकेश त्यागी

करंट क्राइम। कार्यक्रम के संयोजक और राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पायलट राकेश त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षण संस्थाओं और शिक्षकों का स्थान सर्वोपरि है। समाज को उनके प्रति हमेशा सकारात्मक और सहयोग का भाव रखना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा: उत्तम शिक्षा के लिए बच्चों का संस्कारित होना परम आवश्यक है। जब छात्र अपने माता-पिता का आदर करेंगे और शिक्षकों को सम्मान की दृष्टि से देखेंगे, तभी देश का भविष्य उज्जवल होगा।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने प्रदेश की योगी सरकार की शिक्षा नीतियों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रसार में पब्लिक स्कूल बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने सभी मेधावियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

सीबीएसई रीजनल डायरेक्टर एस. धारिणी अरुण ने भव्य आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे पुरस्कार बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद मंच से अधिक से अधिक बच्चों को खुद सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया।

इस भव्य समारोह में संगठन के पदाधिकारियों के साथ-साथ डीएलएफ स्कूल की डायरेक्टर मृगनयनी, प्रिंसिपल सीमा जयरथ, श्रीमती भावना यादव, ज्योत्सना त्यागी, ज्योत्सना शर्मा, सुमन सिंह, नंदिनी शेखर, प्रीति गोयल, रूपा त्यागी, शिल्पा त्यागी, अंजू शर्मा, संगीता शर्मा और एकता सोनी सहित गाजियाबाद क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य व शिक्षक गण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

ज्ञापन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में व्यापारियों ने खाद्य सुरक्षा समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नये जिला अभिहित अधिकारी का स्वागत भी किया गया। व्यपारियों ने पांच बिंदुओं पर अपनी समस्याओं को लिखा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संदीप बंसल के साथ दीपक गर्ग, संजय गुप्ता, श्रीपाल यादव, राजेन्द्र राजू, मूलचंद गर्ग, मुकेश प्रजापति, अनिल गुप्ता, नितिन मित्तल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

शास्त्रीनगर में देह व्यापार के अड्डे पर एसीपी का छापा

किराये के मकान में चल रहा था जिस्मफरोशी का धंधा, दो महिलाएं व दो पुरुष गिरफ्तार

- पूर्व में भी जेल जा चुकी है कथित संचालिका
- इलाके में लंबे समय से मिल रही थीं संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतें

गाजियाबाद, करंट क्राइम : शहर के शास्त्रीनगर इलाके में किराये के मकान की आड़ में चल रहे कथित देह व्यापार के अड्डे का कविनगर पुलिस ने बृहस्पतिवार रात पदार्फाश कर दिया। पुलिस की अचानक हुई छापेमारी से इलाके में हड़कंप मच गया।

मौके से तीन महिलाओं और दो पुरुषों को गिरफ्तार किया गया, जबकि मकान से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई है। एसीपी कवि नगर के मुताबिक कविनगर थानाक्षेत्र के शास्त्रीनगर सी-ब्लॉक स्थित एक मकान में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की सूचना मिल रही थी। स्थानीय लोगों ने भी कई बार आने-जाने वाले संदिग्ध लोगों को लेकर नाराजगी जताई थी।

इसके बाद पुलिस ने गुप्त रूप से निगरानी शुरू की और सूचना पुख्ता होने पर देर रात करीब 11 बजे छापा मार दिया। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि राजनगर एक्सटेंशन निवासी एक महिला ने उक्त मकान किराये पर लिया हुआ था और वहीं से कथित देह व्यापार का संचालन किया जा रहा था।

पुलिस टीम के पहुंचते ही मकान में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर तीन महिलाओं और दो पुरुषों को मौके से दबोच लिया। तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक सामान भी बरामद किए गए।

पहले भी जेल गई है संचालिका

करंट क्राइम : जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि गिरफ्तार महिला संचालिका पहले भी इसी तरह के मामले में जेल जा चुकी है। इसके बावजूद वह दोबारा इस अवैध कारोबार में सक्रिय हो गई। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस रैकेट का नेटवर्क किन-किन इलाकों तक फैला हुआ था और इसमें अन्य कौन लोग शामिल हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मकान में देर रात तक अजनबी लोगों का आना-जाना लगा रहता था, जिससे कॉलोनी का माहौल खराब हो रहा था। कई परिवारों ने इसे लेकर चिंता भी जताई थी। पुलिस कार्रवाई के बाद क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। कविनगर थाना पुलिस ने चौकी प्रभारी की तहरीर पर सभी आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस अवैध धंधे से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में दबिश दी जा रही है और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है।

मंडल प्रभारी व पूर्व सांसद मुनकाद अली ने ली गाजियाबाद में ली मेरठ मंडल के जिलों की समीक्षा बैठक

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बसपा मेरठ मंडल की एक बैठक शुक्रवार को गाजियाबाद आरडीसी स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक को मंडल प्रभारी पूर्व सांसद मुनकाद अली ने संबोधित किया बैठक में मेरठ मंडल के सभी 6 जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सभी 6 जिलों में बूथ और सेक्टर कमेटी के गठन पर चर्चा की गई। साथ ही विधानसभा वार पार्टी के कार्यक्रमों और सदस्यता को लेकर भी चर्चा की गई बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी पूर्व सांसद मुनकाद अली ने कहा कि विधानसभा चुनाव होने में अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। पार्टी अध्यक्ष बहन मायावती को फिर से प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य शेष बचे हैं उन्हें पूरा किया जाना चाहिए। मेरठ मंडल के सभी जिलों में बूत एवं सेक्टर कमेटी का गठन प्राय पूरा हो गया है। विधानसभा वार कार्यक्रम तय कर दिए गए हैं। जल्द ही भाईचारा कमेटी को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। जिला अध्यक्ष मनोज जाटव ने कहा कि गाजियाबाद के सभी पांच विधानसभा में सेक्टर और बूथ कमेटियों का गठन कर लिया गया है सभी भूत वी सेक्टर कमेटियों के पदाधिकारी को लोगों से जनसंपर्क कर पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों के बारे में बताने को कहा गया है। बैठक में गाजियाबाद मेरठ बागपत हापुर गौतम बुद्ध नगर और बुलंदशहर के जिला व महानगर कमेटियों के पदाधिकारी वह विधानसभा के सभी पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सभी जिलों के पदाधिकारी ने बूथ और सेक्टर कमेटी के गठन को लेकर विस्तृत रिपोर्ट पेश की। मंडल प्रभारी मुनकाद अली ने कहा कि 2027 विधानसभा का चुनाव बसपा मजबूती के साथ लड़ेगी। पार्टी अध्यक्ष बहन मायावती ने स्पष्ट कर दिया है कि विधानसभा चुनाव में किसी भी दल के साथ कोई गठबंधन नहीं किया जाएगा। कार्यकताओं के दम पर पार्टी पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।

साहब ने मीटिंग में फिर कसे कईयों के नटबोल्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में मीटिंगों की चर्चा अक्सर होती रहती है, लेकिन गुरुवार की रात जिस तरीके से मीटिंग हुई है उसकी चर्चा शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कई कार्यालयों और थानों में सुनाई दी है। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि साहब की इस मीटिंग में देहात वाले और सिटी वाले जमकर रगड़े गए हैं। तो तीन थानाक्षेत्र की लूट वाली वारदात को लेकर निशाने पर रहे हैं। तो देहात के दो थानों में अन्य जिलों जैसी वारदात ना हो इसके लिए डोज दी गई है। अब बताया यह जा रहा है कि लाख कोशिशों के बावजूद भी लूट और चोरी पर रोक नहीं लग पा रही है। बीट वालों से लेकर अतिरिक्त स्तर पर लगाए गए पुलिसकर्मियों की तैयारी बदमाशों के आगे छोटी रह रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जब से सिटी वाले साहब के पास नदिया पार वाला हिस्सा आया है, वहां के हाल और हालात पहले से बेहतर हो गए हैं। भले ही बीते दिनों लूट के मामले को लेकर एक के बाद एक कई चौकी प्रभारियों के विकेट गिरे पर नदिया पार की स्थिति सिटी और देहात से बेहतर बताई जा रही है। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि जिस तरीके से नंबर दो की पोजीशन वाले साहब लोगों ने जूम मीटिंग में अपने-अपने टास्क दिए हैं, तो उसमें आने वाले दिनों में जो त्यौहार हैं, उसको लेकर भी अलर्टनेस और अटेंशन जारी कर दी गई है। उधर सुनने में आ रहा है कि सिटी वाले तीन कोतवाल थोड़ी टेंशन में हैं। तो बताया जा रहा है कि बीते दिनों हुआ एक सबसे महत्वपूर्ण और चर्चित मामले की जांच भी सिटी वाले ही एक थ्री-स्टार कर रहे हैं। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से बीते दिनों सिटी में एक थ्री-स्टार हटाए गए थे, तो उसके पीछे की वजह कोर्ट वाला मामला नहीं बल्कि उनकी वर्किंग स्टाइल वाला निकलकर आया है। कुल मिलाकर देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में मीटिंग का हाई टेंपरेचर होने के बाद 44 डिग्री टेंपरेचर के बीच आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के एसीपी और थाना प्रभारियों की क्या परफॉर्मेंस रहती है। तो वही आईजीआरएस वाली रैंकिंग को लेकर भी इन दिनों टेंशन थोड़ी बढ़ी हुई बताई जा रही है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आईपीएस अधिकारी और एसीपी स्तर के अधिकारियों का वेट वाला सीन काफी लेट होता हुआ बताया जा रहा है। वहीं अब देखना होगा कि बकरीद के बाद कौन से जोन में किस साहब को कुर्सी मिलती है और कौन से सर्किल में बदलाव वाला फरमान सुनाया जाता है।

यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

नोएडा (करंट क्राइम)। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली की मंशा के अनुरूप जनपद में आगामी 24 मई 2026 को आयोजित होने वाली सिविल सर्विसेज प्री परीक्षा-2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण और नकल विहीन ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे ने की। बैठक में जनपद के 34 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली परीक्षा की तैयारियों को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट, लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रात: 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 बजे तक संचालित की जाएगी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी संघ लोक सेवा आयोग के मानकों के अनुरूप अपनी तैयारियां परीक्षा से पूर्व पूर्ण कर लें।

डासना जेल में 'विधिक सहायता डेस्क' की शुरूआत, 'मुलाकात से न्याय तक' का संकल्प

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर डीएलएसए गाजियाबाद की अनूठी पहल

बंदियों और परिजनों को जेल में ही मिलेगा मुफ्त कानूनी परामर्श

गाजियाबाद करंट क्राइम। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), गाजियाबाद द्वारा जिला कारागार डासना में 'विधिक सहायता डेस्क' का भव्य शुभारंभ किया गया। न्याय चला जेल की ओर और मुलाकात से न्याय तक के संकल्प के साथ आयोजित इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य जेल में बंद कैदियों और उनसे मिलने आने वाले परिजनों को बेहद सुलभ और मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करना है।

कैदियों और परिजनों को मौके पर मिलेगा समाधान : इस विधिक सहायता डेस्क की शुरूआत मुख्य रूप से जेल में निरुद्ध बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए की गई है। इसके साथ ही, कैदियों से मुलाकात के लिए दूर-दराज से आने वाले उनके परिजनों की कानूनी समस्याओं का मौके पर ही समाधान निकाला जाएगा।

कार्य दिवसों पर उपलब्ध रहेंगे वकील और पीएलवी (स्थायी व्यवस्था) : इस व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए जेल परिसर में ही एक स्थायी डेस्क स्थापित की गई है। इस सहायता डेस्क पर एक पैनल अधिवक्ता और पैरा लीगल वॉलेंटियर की स्थाई नियुक्ति की गई है। ये विधिक विशेषज्ञ प्रत्येक कार्य दिवस पर जेल में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे और बंदियों व उनके परिजनों की समस्याओं का निवारण करेंगे।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के दौरान बंदियों को उनके केस की वर्तमान स्थिति, मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने की पात्रता, सरकारी वकील की सुविधा और अन्य महत्वपूर्ण संवैधानिक अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने इस पहल के मूल उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा: हमारा अंतिम लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बंदी विधिक जानकारी, सही परामर्श या आर्थिक तंगी के अभाव में न्याय पाने से वंचित न रहे। जेल की दहलीज तक न्याय पहुंचाना ही इस अभियान की सार्थकता है।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नेहा बनौधिया, जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा, जेलर के.के. दीक्षित, डिप्टी जेलर बृजेश पांडे, शिवानी यादव व विजय लक्ष्मी गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही, विधिक टीम से लीगल एड डिफेंस काउंसिल के किरणपाल सिंह, अजीत कुमार हांडा, अनीता, पैनल अधिवक्ता संजय मुद्गल, और पैरा लीगल वॉलेंटियर दुर्गेश शर्मा व तुषार सिन्हा सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्तागण भी कार्यक्रम का हिस्सा बने।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रविन्द्र त्यागी ऑल इंडिया बिल्डर एसोसिएशन के अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने इस अवसर पर उन्हें सम्मानित किया और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर वीवीआईपी ग्रुप के चेयरमैन तथा अखिल भारतीय ब्रहमऋषि महासंघ के अध्यक्ष प्रवीण त्यागी को भी महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद ने आशीर्वाद दिया। सम्मान और आस्था के इस पल को उदिता त्यागी ने फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

चंद्रयान-3 का दुनिया में डंकाः अमेरिका ने दिया अंतरिक्ष विज्ञान का सर्वोच्च सम्मान, जानें इसकी खासियत

वाशिंगटन। भारत के चंद्रयान-3 मिशन को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में बड़ी अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स (अक्अअ) ने मिशन को 2026 के प्रतिष्ठित 'गोडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स अवॉर्ड' से सम्मानित किया।

भारत के ऐतिहासिक चंद्र मिशन चंद्रयान को एक और बड़ी अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि हासिल हुई है। अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स (अक्अअ) ने चंद्रयान-3 मिशन को वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित ह्यगोडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स अवॉर्डह्न से सम्मानित किया है। यह सम्मान 21 मई को वॉशिंगटन डीसी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिया गया।

वैज्ञानिकों का मानना है कि ये संसाधन भविष्य में चंद्रमा की सतह पर निर्माण और अन्य गतिविधियों के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं।

राजदूत क्वात्रा ने क्या बताया?

यह पुरस्कार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की ओर से अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने AIAA ASCEND 2026 सम्मेलन में स्वीकार किया।

अपने संबोधन में विनय क्वात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्पेस विजन 2047' का जिक्र किया। उन्होंने भारत की गहरे अंतरिक्ष में खोज, मानव अंतरिक्ष उड़ान और तेजी से बढ़ते कमर्शियल स्पेस सेक्टर के रोडमैप को रेखांकित किया। साथ ही भारत और अमेरिका की सरकारों, उद्योगों और शोध संस्थानों के बीच अंतरिक्ष सहयोग को और मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

'गोडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स अवॉर्ड' अक्अअ का अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान माना जाता है। यह पुरस्कार किसी व्यक्ति या टीम को अंतरिक्ष अनुसंधान में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए प्रदान किया जाता है। टीम पुरस्कार में योगदानकताओं की सूची शामिल होती है, जिनमें से अधिकतम दो प्रतिनिधि औपचारिक रूप से पुरस्कार स्वीकार करते हैं। इस पुरस्कार की स्थापना श्रीमती गोडार्ड ने अपने पति रॉबर्ट एच. गोडार्ड की स्मृति में की थी।

रॉबर्ट गोडार्ड को रॉकेट विज्ञान का अग्रणी वैज्ञानिक माना जाता है। उनके शुरूआती तरल ईंधन रॉकेट प्रक्षेपणों ने आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान की नींव रखी थी। वर्ष 1975 में इस पुरस्कार को वर्तमान स्वरूप दिया गया। उसी दौरान संस्थान ने पुराने 'गोडार्ड अवॉर्ड' का नाम बदलकर चयन प्रक्रिया का दायरा भी बढ़ाया, जो पहले प्रणोदन और ऊर्जा परिवर्तन इंजीनियरिंग विज्ञान में योगदान के लिए दिया जाता था।

प्रवासियों पर अमेरिका सख्तः नए आदेश से बढ़ी मैक्सिको की चिंता, राष्ट्रपति शीनबॉम ने उठाया ये कदम

मैक्सिको सिटी। मैक्सिको की राष्ट्रपति ने अमेरिका के न आदेशों पर चिंता जताई है। यह आदेश बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे प्रवासियों की बैंकिंग गतिविधियों पर कड़ी निगरानी का प्रावधान करता है। अमेरिकी प्रशासन चाहता है कि बैंक ग्राहकों की नागरिकता और आव्रजन स्थिति से जुड़े जोखिमों पर नजर रखें।

मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबॉम ने कहा है कि उनकी सरकार अमेरिका के नए आदेश का असर का विश्लेषण कर रही है। यह आदेश उन प्रवासियों पर लागू हो सकता है जो बिना कानूनी दस्तावेजों के अमेरिका में रह रहे हैं। इसके तहत ऐसे लोगों के लिए अमेरिकी बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच मुश्किल हो सकती है।

मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबॉम ने कहा है कि उनकी सरकार अमेरिका के नए आदेश का असर का विश्लेषण कर रही है। यह आदेश उन प्रवासियों पर लागू हो सकता है जो बिना कानूनी दस्तावेजों के अमेरिका में रह रहे हैं। इसके तहत ऐसे लोगों के लिए अमेरिकी बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच मुश्किल हो सकती है।

प्रवासियों पर क्या बोले ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ₹इनमें से कई कर्जदारों को देश से निकाले जाने का डर है। या फिर उनके नियोक्ताओं (मालिकों) द्वारा इमिग्रेशन कानूनों का पालन करने के कारण उन्हें अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है। कानूनी तौर पर काम करने की अनुमति न रखने वाले विदेशियों को कर्ज देना बैंकिंग व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। जिन लोगों पर कमाई बंद होने का बड़ा जोखिम हो, उन्हें ऋण देने से 'कर्ज चुकाने की क्षमता' का संकट पैदा होता है। यह स्थिति हमारी राष्ट्रीय बैंकिंग प्रणाली की सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करती है। इसी बीच, अमेरिकी कांग्रेस में विदेश भेजे जाने वाले पैसों यानी रेमिटेंस पर 5 प्रतिशत टैक्स लगाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा चल रही है। अभी केवल नकद लेनदेन पर 1 प्रतिशत टैक्स लगता है। मैक्सिको के अधिकारियों का कहना है कि अगर ऐसा टैक्स लगाया गया तो यह ह्लदोहरी टैक्स वसूलीह्व जैसा होगा, क्योंकि मैक्सिकन प्रवासी पहले से ही अमेरिका में टैक्स भरते हैं। रेमिटेंस मैक्सिको की अर्थव्यवस्था के लिए विदेशी मुद्रा का एक बड़ा स्रोत माना जाता है।

अमेरिका ने उठाया क्या कदम?

अमेरिका का यह एग्जीक्यूटिव ऑर्डर सीमा-पार होने वाले पैसों के लेन-देन और बैंक खाते खोलने या अन्य बैंकिंग सेवाओं के लिए इस्तेमाल होने वाली पहचान-पत्रों की निगरानी को और सख्त बनाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस नए कदम से अब बैंक और वित्तीय रिकॉर्ड भी इमिग्रेशन जांच के दायरे में आ सकते हैं। इससे कई प्रवासियों की गतिविधियों पर ज्यादा नजर रखी जा सकती है। व्हाइट हाउस के अनुसार, ट्रंप ने 19 मई को एक आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इसमें बैंकों और वित्तीय नियामक संस्थाओं को कहा गया है कि वे ग्राहकों की नागरिकता और इमिग्रेशन स्थिति से जुड़े संदिग्ध संकेतों पर नजर रखें। यह कदम अवैध प्रवासियों के खिलाफ चलाए जा रहे बड़े अभियान का हिस्सा माना जा रहा है।

रूबियो ने कहा- होर्मुज में शुल्क लगाने की व्यवस्था को स्वीकार न करे कोई भी देश

हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन)। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को ने कहा कि ईरान के साथ जारी बातचीत में थोड़ी प्रगति हुई है, लेकिन अभी किसी बड़े समाधान का दावा नहीं किया जा सकता। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही के लिए प्रस्तावित शुल्क व्यवस्था का विरोध किया। पश्चिम एशिया संकट और नाटो को लेकर रुबियो ने क्या कहा

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को कहा कि संघर्ष रोकने के लिए ईरान के साथ जारी बातचीत में थोड़ी प्रगति हुई है। हालांकि, उन्होंने एक बार फिर उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगियों के रुख नाराजगी जताई।

रुबियो ने स्वीडन में नाटो के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा, वार्ता में मामूली प्रगति हुई है। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नाटो सहयोगियों के रुख को लेकर निराश हैं।



हेलसिंगबर्ग में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रुबियो ने कुछ मामूली प्रगति हुई है। मैं इसे बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बताना चाहता। थोड़ी हलचल जरूर हुई है और यह अच्छी बात है।

शुल्क व्यवस्था को स्वीकार न करे कोई देशः रुबियो

अमेरिका की मुख्य रणनीतिक मांगों पर रुबियो ने कहा कि वाशिंगटन का रुख अब भी साफ है। अमेरिका चाहता है कि तेहरान अपनी परमाणु महत्वकांक्षाएं रोके और बिना बाधा के समुद्री मार्गों पर आवाजाही जारी रहे। रुबियो ने यह भी कहा कि ईरान, ओमान को अपने साथ शामिल करके ऐसी व्यवस्था बनाना चाहता है, जिसके तहत बंद जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क वसूला जाए। इस प्रस्तावित समुद्री शुल्क व्यवस्था की आलोचना करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, दुनिया के किसी भी देश को ऐसी व्यवस्था को स्वीकार नहीं करना चाहिए।

रुबियो ने नाटो सहयोगियों के साथ अपने संबंधों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य अभियान को लेकर पश्चिमी सहयोगियों के अलग-अलग रुख से तनाव बना हुआ है। उन्होंने कहा, ट्रंप की नाराजगी को दूर करना होगा। रुबियो ने कहा, राष्ट्रपति के विचार और पश्चिम एशिया में हमारी कार्रवाई पर कुछ नाटो सहयोगियों की प्रतिक्रिया को लेकर उनकी निराशा सबके सामने है। लेकिन इसका समाधान आज नहीं होगा। यूरोप में अमेरिकी सैन्य रणनीति में बदलावों को लेकर उठ रहे सवालों पर रुबियो ने कहा कि ये फैसले किसी सहयोगी देश को सजा देने के लिए नहीं हैं।

नहीं हो सका स्थायी युद्ध विराम

अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच आठ अप्रैल को अस्थायी युद्ध विराम हुआ था। इससे पिछले कुछ हफ्तों से जारी हमले रुक गए थे। हालांकि, इस्लामाबाद में हुई आमने-सामने की वार्ता समेत कई कोशिशों के बावजूद अब तक स्थायी समझौता नहीं हो पाया है। इसी कूटनीतिक गतिरोध के बीच पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी बुधवार को एक हफ्ते में दूसरी बार ईरान पहुंचे। उन्हें पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर का करीबी माना जाता है। हालांकि, खाड़ी क्षेत्र में खुले हमले कम हुए हैं। लेकिन यह तनाव अब भी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रहा है।

ईरान के बाद अब क्यूबा की बारीः ट्रंप ने बताया नाकाम देश

वॉशिंगटन। राष्ट्रपति ट्रंप ने क्यूबा को 'नाकाम देश' और सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि वहां रूस और चीन की मौजूदगी चिंताजनक है। अमेरिका क्यूबा के लोगों की मदद करना चाहता है, लेकिन वह आतंकवाद और दुश्मनों के ठिकानों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने क्यूबा पर दबाव बढ़ा दिया है। दोनों नेताओं ने क्यूबा को एक 'नाकाम देश' करार दिया है।

उन्होंने कहा कि क्यूबा अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। फ्लोरिडा और व्हाइट हाउस में अलग-अलग बयानों में दोनों अधिकारियों ने संकेत दिया कि वे क्यूबा के प्रति अब और भी सख्त रवैया अपनाएंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि बातचीत के जरिए समाधान निकालने का रास्ता अभी बंद नहीं हुआ है।

व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका क्यूबा के लोगों और वहां से आकर अमेरिका में बसे लोगों की मदद करना चाहता है। ट्रंप ने क्यूबा की खराब हालत का जिक्र करते हुए कहा कि वह एक नाकाम देश है और यह बात हर कोई जानता है। उन्होंने बताया कि वहां बिजली नहीं है, लोगों के पास पैसे नहीं हैं और खाने-पीने की चीजों की भी भारी कमी है। ट्रंप ने कहा कि वे इंसानियत के नाते क्यूबा की मदद करना चाहते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि फ्लोरिडा में रहने वाले क्यूबा मूल के अमेरिकी अपने देश में निवेश करना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि उनका देश फिर से अपने पैरों पर खड़ा हो सके। ट्रंप ने दावा किया कि पिछले 50-60 वर्षों से कई राष्ट्रपति इस बारे में सोचते रहे, लेकिन उन्हें लगता है कि इस समस्या को वे ही सुलझा पाएंगे।

विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने क्या कहाः दूसरी तरफ, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत रवाना होने से पहले मियामी एयरपोर्ट पर और भी कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि क्यूबा लगातार अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। रुबियो ने याद दिलाया कि क्यूबा अमेरिकी तट से सिर्फ 90 मील दूर है। उन्होंने दावा किया कि क्यूबा में रूस और चीन की खुफिया एजेंसियां मौजूद हैं। वहां इन दोनों देशों के हथियार सिस्टम भी पहुंच चुके हैं। रुबियो ने क्यूबा पर लैटिन अमेरिका में अस्थिरता फैलाने और आतंकवाद को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया।

ईरान कर सकता है अचानक हमला

युद्धविराम पर बातचीत के बीच खौफ में नेतन्याहू

तेल अवीव। इस्रायली मीडिया की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान और अमेरिका के बीच युद्धविराम की बातचीत विफल होने की स्थिति में ईरान अचानक मिसाइल व ड्रोन हमले कर सकता है।

इस्रायल को अंदेशा है कि ईरान उस पर और खाड़ी देशों पर अचानक मिसाइल और ड्रोन से हमला कर सकता है। यह डर ऐसे समय में जताया गया है जब अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर को लेकर पर्दे के पीछे बातचीत चल रही है। 'जेरूसलम पोस्ट' की एक रिपोर्ट के अनुसार, खुफिया अधिकारियों ने इस संभावित खतरे की जानकारी दी है।

इस खतरे को देखते हुए इस्रायल के रक्षा मंत्री इस्रायल काट्ज और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने सुरक्षा हालात की समीक्षा की है। सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि ईरान कूटनीतिक कोशिशों के पूरी तरह नाकाम होने से पहले ही हमला करने की कोशिश कर सकता है। अधिकारियों ने इस संभावित हमले की तुलना 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' और 'ऑपरेशन रोरिंग लायन' के शुरूआती चरणों से की है।

वहीं रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच कुछ मतभेदों की खबरें भी आई हैं। इसके बावजूद, दोनों देशों की सेनाएं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। इस्रायली वायुसेना और आईडीएफ के अधिकारी अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। वे ईरान की संदिग्ध सैन्य गतिविधियों पर नजर रखने के लिए खुफिया जानकारी साझा कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल ईयाल जमीर लगातार अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में हैं ताकि हमले की स्थिति में मिलकर जवाब दिया जा सके। पिछले एक महीने में अमेरिका से इस्रायल आने वाले सैन्य सामान की सप्लाई में काफी तेजी आई है। दोनों देशों ने मिलकर मिसाइलों को रोकने वाले सिस्टम, तकनीक और सॉफ्टवेयर को और भी बेहतर बनाया है।

'वल्ला' की एक रिपोर्ट के अनुसार, खतरों की पहचान करने और उन्हें हवा में ही नष्ट करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए एक व्यापक समीक्षा की गई है। राष्ट्रपति ट्रंप ईरान की परमाणु क्षमता को खत्म करने के अपने फैसले पर अड़े हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र में हमास को निरस्त्र करने की मांग तेज

वाशिंगटन। संयुक्त राष्ट्र में गाजा युद्धविराम समझौते की निगरानी कर रहे अधिकारियों ने हमास को हथियार छोड़ने के लिए हरसंभव दबाव बनाने की अपील की है। अमेरिका समर्थित शांति बोर्ड के प्रतिनिधि निकोलाय म्लादेनोव ने कहा कि गाजा में हिंसा का हर नया दौर संघर्षविराम को कमजोर कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समाधान नहीं निकला तो गाजा का मानवीय संकट और गहरा जाएगा। म्लादेनोव ने कहा कि हमास को चरणबद्ध तरीके से हथियार छोड़ने होंगे, जबकि इस्राइल को भी युद्धविराम की शर्तों का पालन करना चाहिए। हमास ने इस रिपोर्ट की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें इस्राइल की कथित उल्लंघनों को नजरअंदाज किया गया है। गाजा में जारी मानवीय संकट, सीमित राहत सामग्री और लगातार सैन्य तनाव को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।

देश के गृह मंत्री ने कहा शेख हसीना कानूनी प्रक्रिया से वापस लौटें

मृत्युदंड का कर रही हैं सामना

ढाका। शेख हसीना को लेकर बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि सरकार उन्हें कानूनी प्रक्रिया के तहत वापस लाना चाहती है। अगस्त 2024 से भारत में रह रहीं हसीना को 2025 में अनुपस्थिति में मृत्युदंड सुनाया गया था। अंतरिम सरकार और बाद में बीएनपी सरकार ने अवामी लीग पर प्रतिबंध का समर्थन किया।

बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने कहा है कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से वापस लाना चाहती है। यह टिप्पणी हसीना की हालिया बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने मृत्युदंड का सामना करने के बावजूद बहुत जल्द घर लौटने की उम्मीद जताई थी। हसीना अगस्त 2024 से भारत में रह रही हैं, जब छात्र-नेतृत्व वाले विद्रोह के बाद उनकी अवामी लीग सरकार को गिरा दिया गया था।

2025 में अनुपस्थिति में मृत्युदंड सुनाया गया

अहमद ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा, हम उन्हें कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से वापस लाना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें हसीना की वापसी में कोई कानूनी बाधा नहीं दिखती, यदि वह ऐसा करना चाहें। हसीना को नवंबर 2025 में एक न्यायाधिकरण द्वारा अनुपस्थिति में मृत्युदंड सुनाया गया था, जिसकी उनके समर्थकों ने आलोचना की थी।

मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा दिया था और हसीना के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी। फरवरी में सत्ता में आई बीएनपी सरकार ने अवामी लीग पर प्रतिबंध के अंतरिम सरकार के फैसले का समर्थन किया।

फैसले को चुनौती देने का समय खत्मः गृह मंत्री अहमद की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री तारिक रहमान के सूचना मामलों के सलाहकार जाहेदुर रहमान के बयान के एक दिन बाद आई है। जाहेदुर रहमान ने कहा था कि यदि हसीना बांग्लादेश लौटती हैं तो उनके खिलाफ कोई अतिरिक्त-न्यायिक उपाय नहीं किए जाएंगे। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व प्रधानमंत्री को न्यायपालिका के सामने आत्मसमर्पण करना होगा और उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही का सामना करना होगा। ढाका में स्थानीय मीडिया ने कानूनी विशेषज्ञों के हवाले से बताया है कि न्यायाधिकरण के फैसले को चुनौती देने की समय सीमा समाप्त हो चुकी है।

हसीना की वापसी की इच्छा

हाल ही में कुछ भारतीय मीडिया आउटलेट्स को दिए साक्षात्कारों में हसीना ने कहा था कि वह बहुत जल्द बांग्लादेश लौटना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि वह सिर ऊंचा करके लौटेंगी और निर्वासन से ही अवामी लीग का नेतृत्व जारी रखने का इरादा रखती हैं। उन्होंने बांग्लादेश में मौजूदा राजनीतिक नेतृत्व की लोकतांत्रिक गिरावट और देश में बढ़ते भारत-विरोधी बयानबाजी को लेकर आलोचना की। हसीना ने मौजूदा सरकार पर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का आरोप लगाया। हसीना को नवंबर 2025 में एक पुनर्गठित अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण द्वारा अनुपस्थिति में मृत्युदंड सुनाया गया था।

कांगो में इबोला सेंटर को भीड़ ने जलाया

नई दिल्ली। कांगो के पूर्वी हिस्से में इबोला संक्रमण को लेकर बढ़ते डर और गुस्से के बीच लोगों ने एक उपचार केंद्र में आग लगा दी। वांमपारा कस्बे में स्थानीय युवकों ने उस समय हिंसक प्रदर्शन किया जब प्रशासन ने इबोला से मृत संदिग्ध व्यक्ति का शव परिवार को सौंपने से रोक दिया। गुस्साई भीड़ ने इलाज केंद्र में तोड़फोड़ कर आग लगा दी, जिसके बाद स्वास्थ्यकर्मियों को वहां से भागना पड़ा। अधिकारियों के मुताबिक इबोला पीड़ितों के शव बेहद संक्रामक होते हैं, इसलिए विशेष प्रोटोकॉल के तहत अंतिम संस्कार कराया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि संक्रमण के मामले आधिकारिक आंकड़ों से कहीं ज्यादा हो सकते हैं। अब तक करीब 148 संदिग्ध मौतें और लगभग 600 संभावित मामले सामने आ चुके हैं। स्वास्थ्य एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि हालात तेजी से बिगड़ सकते हैं।

डेमोक्रेटिक रिपोर्ट में कमला हैरिस की रणनीति पर सवाल

डेमोक्रेटिक की पोस्ट-इलेक्शन रिपोर्ट में पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की चुनावी रणनीति की आलोचना की गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि हैरिस ने ग्रामीण अमेरिका की उपेक्षा की और डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पर्याप्त आक्रामक प्रचार नहीं किया। 192 पन्नों की इस रिपोर्ट में कहा गया कि डेमोक्रेटिक पार्टी आइडेंटिटी पॉलिटिक्स पर जरूरत से ज्यादा निर्भर रही और आम मतदाताओं की आर्थिक चिंताओं को पर्याप्त महत्व नहीं दे सकी। पार्टी पुरुष मतदाताओं, खासकर रंगभेद झेलने वाले समुदायों के पुरुषों तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पाई। डेमोक्रेटिक रणनीतिकारों ने रिपोर्ट जारी करने में देरी और नेतृत्व की कार्यशैली पर भी नाराजगी जताई। इस रिपोर्ट ने पार्टी के भीतर 2024 चुनावी हार को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

होंडुरास में बड़ा हमलाः होंडुरास के उत्तरी तटीय क्षेत्रों में गुरुवार को हुए दो अलग-अलग हमलों में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पहला हमला टूजिलो नगर पालिका के एक रैंच में हुआ, जहां हथियारबंद हमलावरों ने मजदूरों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस हमले में कम से कम 10 कर्मचारियों की मौत हो गई। यह इलाका लंबे समय से भूमि विवाद और कृषि संघर्षों के लिए संवेदनशील माना जाता है।

चीन पर शिकंजा कसने की तैयारीः अमेरिका में नया बिल पेश

ड्रैगन के सैन्य नेटवर्क पर लगाना चाहता है प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका में दो रिपब्लिकन सांसदों ने सीसीपी सैंक्शंस शॉट क्लॉक एक्ट नामक विधेयक पेश किया है। इसके तहत राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानी जाने वाली चीनी कंपनियों और व्यक्तियों पर एक साल के भीतर प्रतिबंध लगाना अनिवार्य होगा।

अमेरिका में चीन के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। दो वरिष्ठ रिपब्लिकन सांसदों ने चीन के सैन्य-औद्योगिक नेटवर्क से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं पर तेजी से प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से नया विधेयक पेश किया है। सांसदों का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानी जाने वाली चीनी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई में अब और देरी नहीं की जा सकती।

क्या है इस विधेयक का उद्देश्य?

रिपब्लिकन सीनेटर रिक स्कॉट और प्रतिनिधि एलिस स्टेफानिक ने 'सीसीपी सैंक्शंस शॉट क्लॉक एक्ट' नाम का विधेयक पेश किया है। इस प्रस्तावित कानून के तहत अमेरिकी ट्रेजरी विभाग को उन चीनी व्यक्तियों और कंपनियों के खिलाफ एक साल के भीतर कार्रवाई करनी होगी, जिन्हें अमेरिकी सरकार सुरक्षा के लिए खतरा मानती है।

चीनी कंपनियों पर आर्थिक निर्भरता कम करना जरूरी

वहीं, एलिस स्टेफानिक ने कहा कि यह विधेयक चीन के सैन्य विस्तार से जुड़ी कंपनियों पर अमेरिका की आर्थिक निर्भरता कम करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह कानून सुनिश्चित करेगा कि ट्रेजरी विभाग अब चीन के दुर्भावनापूर्ण प्रभाव और सैन्य विस्तार से जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई में देरी न कर सके। स्टेफानिक ने कहा कि पिछले वर्ष कांग्रेस ने प्रशासन से उन चीनी कंपनियों की रिपोर्ट मांगी थी, जो कड़े प्रतिबंधों के दायरे में आ सकती हैं। 'सीसीपी सैंक्शंस शॉट क्लॉक एक्ट' यह सुनिश्चित करेगा कि अमेरिका राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े खतरों पर तेजी से जवाब दे सके और संदिग्ध कंपनियों पर जल्द प्रतिबंध लगाए जा सकें।

रिक स्कॉट ने क्या बताया?

सीनेटर रिक स्कॉट ने कहा कि जैसे ही किसी संस्था की पहचान अमेरिकी सुरक्षा के लिए खतरे के रूप में होती है, उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के सैन्य हितों के लिए काम करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था को अमेरिका में कारोबार करने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। कम्युनिस्ट चीन हमारा दुश्मन है और अब उसी के अनुरूप सख्त कदम उठाने का समय आ गया है।

विधेयक का उद्देश्य वित्त वर्ष 2026 के राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम में संशोधन करना है। इसके तहत एक निश्चित समय सीमा तय की जाएगी, जिसके भीतर संदिग्ध चीनी संस्थाओं को ट्रेजरी विभाग की 'नॉन-एसडीएन चीनी सैन्य-औद्योगिक कॉम्प्लेक्स कंपनियों की सूची' में शामिल करना अनिवार्य होगा।

क्या है अमेरिका का मौजूदा कानून?

मौजूदा कानून के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति हर दो साल में ऐसी रिपोर्ट पेश करते हैं, जिसमें उन चीनी व्यक्तियों और संस्थाओं की पहचान की जाती है, जिन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जोखिम माना जाता है। हालांकि, अभी ट्रेजरी विभाग के लिए इन संस्थाओं पर कार्रवाई या सूची अपडेट करने की कोई तय समय सीमा नहीं है। नया विधेयक इसी व्यवस्था को बदलने का प्रयास करता है।

प्रस्तावित कानून के मुताबिक, राष्ट्रपति की रिपोर्ट पेश होने के एक साल के भीतर ट्रेजरी सचिव को संबंधित विदेशी नागरिकों और संस्थाओं को प्रतिबंध सूची में शामिल करना होगा और संशोधित सूची को फेडरल रजिस्टर में प्रकाशित करना होगा।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

झील की जमीन पर खड़ी हो गई इमारतें महापौर सुनीता दयाल ने मांगी रिपोर्ट

शालीमार गार्डन मेन के पसोंडा क्षेत्र में सरकारी भूमि कब्जाने का आरोप, जांच के आदेश

गाजियाबाद, करंट क्राइम : सरकारी भूमि और जलाशयों को बचाने को लेकर लगातार सख्त रुख अपनाने वाली गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल के संज्ञान में अब शालीमार गार्डन मेन स्थित पसोंडा क्षेत्र का बड़ा मामला आया है। आरोप है कि झील और जलाशय के रूप में दर्ज सरकारी भूमि पर रातों-रात बहुमंजिला इमारतें खड़ी कर दी गईं और संबंधित विभागों को इसकी भनक तक नहीं लगी। महापौर ने मामले को गंभीर मानते हुए जांच के आदेश दिए हैं और शहरवासियों से अपील की है कि वे विवादित खसरा संख्या और प्लॉटों की खरीद-फरोख्त से पहले पूरी जांच अवश्य कर लें, ताकि भविष्य में किसी कानूनी विवाद में न फंसें।

बताया गया है कि पसोंडा, जो वर्तमान में शालीमार गार्डन मेन क्षेत्र के अंतर्गत आता है, वहां खसरा संख्या 1563/1, 1562, 1564 सहित अन्य भूमि सरकारी अभिलेखों में झील और जलाशय के रूप में दर्ज है। तहसील स्तर पर भी इसकी पुष्टि हो चुकी है। इसके बावजूद उक्त भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कर बहुमंजिला फ्लैट तैयार किए जाने का आरोप लगाया गया है।

महापौर के अनुसार खसरा संख्या 1563 और 1564 से संबंधित प्लॉट संख्या 775 सरकारी रिकॉर्ड में झील एवं जलाशय के रूप में दर्ज है, जिस पर नगर निगम गाजियाबाद का स्वामित्व बताया गया है। आरोप है कि भूमाफियाओं द्वारा इस भूमि पर कब्जा कर निर्माण कराया गया। शिकायत में यूसुफ, जावेद, राकेश, रमन झा समेत अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं। इस मामले की शिकायत पूर्व में प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय और गृह मंत्रालय समेत विभिन्न विभागों को भी भेजी गई थी। शिकायत की संदर्भ संख्या 60000250163897 बताई गई है। शिकायत के बाद 23 अगस्त 2025 को तहसील सदर द्वारा स्थलीय निरीक्षण कराया गया, जिसमें संबंधित खसरा संख्या झील के नाम दर्ज पाए जाने की पुष्टि हुई।

सूत्रों के मुताबिक तहसील स्तर से नगर निगम को भी जानकारी भेजी गई थी, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी। अब महापौर ने स्वयं हस्तक्षेप करते हुए पूरे मामले की विस्तृत जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि सरकारी जलाशयों और सार्वजनिक भूमि पर कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा भूमाफियाओं के हौसले तोड़े जाएंगे।

महापौर ने यह भी कहा कि यदि किसी व्यक्ति ने विवादित भूमि पर फ्लैट या प्लॉट खरीदे हैं तो वे संबंधित अभिलेखों की जांच अवश्य कराएं, क्योंकि भविष्य में प्रशासनिक कार्रवाई होने पर उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है।

विजयनगर जोन को मिला नया प्रशासनिक केंद्र 10 दिन में शुरू होगा जोनल कार्यालय

नगर आयुक्त ने नए भवन का निरीक्षण कर दिए जरूरी निर्देश, जनता की समस्याएं भी मौके पर सुनीं

गाजियाबाद, करंट क्राइम : शहर की प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाने की दिशा में नगर निगम तेजी से काम कर रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने विजयनगर क्षेत्र में तैयार किए गए नए जोनल कार्यालय भवन का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्यालय संचालन शुरू करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया कि आगामी 10 दिनों के भीतर विजयनगर जोनल कार्यालय का शुभारंभ कर दिया जाएगा। नए कार्यालय में टैक्स विभाग, निर्माण विभाग, जलकल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रकाश विभाग और उद्यान विभाग सहित सभी प्रमुख शाखाओं के अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था की गई है, जिससे क्षेत्रीय नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सुविधाएं मिल सकेंगी। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने आगंतुकों के लिए बेहतर बैठने की व्यवस्था, शीतल पेयजल सुविधा और

अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी जनगणना कार्यों में भी नए जोनल कार्यालय का उपयोग करने को कहा गया।

इस दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी, प्रभारी नजारत डॉ. अनुज, कार्यदायी संस्था सीएनडीएस से रंजीत एवं विजयनगर जोन की टीम मौजूद रही। निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने क्षेत्रीय निवासियों की समस्याएं भी सुनीं। स्थानीय लोगों ने सड़क और गली निर्माण कार्यों को जल्द शुरू कराने की मांग उठाई, जिस पर नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गली एवं सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता और नियमों के अनुरूप तेजी से पूरे किए जाएं ताकि लोगों को राहत मिल सके। नगर आयुक्त ने नए कार्यालय में फर्नीचर, सीटिंग व्यवस्था और अन्य जरूरी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि विजयनगर जोनल कार्यालय शुरू होने से क्षेत्र की जनसमस्याओं का समाधान पहले की अपेक्षा अधिक तेजी से हो सकेगा।

- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सुना है नामित वाले चौधरी गये थे किसी बड़े जनप्रतिनिधि के पास? उन्होंने प्रकट किये थे अपने साथ एक चौधरी नेता के भी कुछ जज्बात? कहा था विकास के इस सफर में हम उन्हीं की तरह हैं आपके साथ? सुना है ये बात फिर सामने वालों को नहीं हुई बर्दाश्त? सामने से निकल कर आये शब्द तुम बहुत कर रहे हो बिरादरीवाद? सुना है इन शब्दों ने तोड़ दिया चौधरी का दिल? इस दर्द भरी मुलाकात का अब वो हर जगह बांट चुके हैं प्रसाद?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब ग्रुप पर चली शिकायतों की सोटी? तब उसे झेल नहीं पायें मिस्टर कोटी? इससे पहले आता शिकायतों का और भी तूफान? मिस्टर कोटी ने अपने ग्रुप को एडमिन मोड पर डाल दिया श्रीमान? कहने वाले ने कहा वही नेता कहलाता है जो करता है विरोध का सामना? ग्रुप पर कुछ नेगेटिव प्रतिक्रियाएं आ भी गई तो क्या हो गया यार? नेता को तो हर स्थिति में दिखाना चाहिए अपना मजबूत वाला किरदार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शायद इन वाले विधायक जी को ये बिल्कुल भी नहीं पता है कि वो वाले विधायक जी उनसे अंदरखाने खफा हैं? भले ही दोनों में होती हो मुस्कुराकर बात? मगर इसकी इन नाराजगियों की वजह है कुछ और ही हालात? सुना है इन वाले विधायक जी ने उन वाले विधायक जी के विरोधियों को किया है अक्सर प्रमोट? उन वाले विधायक जी के समर्थक कह रहे थे कि भले ही उनको ना पता हो? मगर हमने एक एक बात की हुई है नोट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हैवीवेट वाले ले रहे थे मैम्बर्स की मीटिंग? यहां पर पूरे मान से नेता जी की मैम्बर की पत्नी की भी थी सिटिंग? जब चली मीटिंग में हैवीवेट वालों के बेटे की शादी की बात? तब लेडी मैम्बर ने बोला हमें आप भाभी जी का नंबर दो हम तो उन्हीं से बात? उस वक्त हो गये सभी हैरान जब हैवीवेट वालों ने मुस्कुराकर बोला मुझे अपनी वाईफ का नंबर नहीं है ध्यान? इस पर भी घट गई एक और रोचक कहानी? जब हैवीवेट वालों ने लेडी मैम्बर के हसबैंड का नंबर बता दिया खुद की जुबानी? देखते ही बन रही थी फिर उनके चेहरे पर हैरानी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम गये टहलते हुए नदिया पार? यहां पर हमें बहुत ही मजबूती से सुनाई दी काली जी के चरणों में खुद को अर्पित करने वाले भगवा मैम्बर हसबैंड की पुकार? उन्होंने कहा हमारे सिस्टम में आप हमको नहीं आंको कम? जो भी कुछ आज हम हैं, उसमें लगाया है हमने ही दम? हमारे ऊपर नहीं है किसी का भी एहसान? हम अपने दम पर ही चुनाव जीते हैं? अपने दम पर ही कर रहे हैं सारे काम? कहने वाले ने कहा उनके शब्द थे बहुत ही असरदार? मगर उनकी चर्चा में एक बार भी सुनाई नहीं दिये हमको सरदार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम हैं अध्यक्ष जी की स्मार्ट वर्किंग के कायल? उनकी एक्टिवनेस कर देती है हमको घायल? हमने देखा उन्होंने स्वागत से एक दिन पहले ही कर ली अध्यक्ष जी के घर पर जाकर मुलाकात? बता आये वो पूरे कार्यक्रम के हालात? कहने वाले ने कहा अब इससे बड़ा तो नहीं हो सकता है कोई तोड़? इसलिए कहने वाले कहते हैं कि वो एक हाथ आगे चलते हैं और विरोध की आवाजों को वो इस अंदाज में देते हैं अपने पीछे छोड़?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको अंदर की बता रहा हूं बात? जब बन रहा था प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत वाले रूट का प्रोग्राम? तब उसमें हमें कहीं भी शहर नहीं दिख रहा था साहब? देखना आज जब प्रदेश अध्यक्ष लेंगे गाजियाबाद में एन्ट्री? तब कुछ ऐसा ही दिखाई देगा नजारा? यूपी गेट से मामला अगर ऐलीवेटिड रोड पर आया? तब समझ लेना कि प्लान परवान चढ़ गया है सारा? अगर रूट चला मेरठ एक्सप्रेसवे की ओर? समझ लेना फिर कमांडर का भी स्वागत दिखाई देगा घनघोर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? आज जब प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत होगा? तब स्वागत में अग्रवाल जी पर भी विशेष फोकस रखा जायेगा साहब? सुना है बनाने वालों ने बनाया है उनके भी मजबूत स्वागत का प्रोग्राम? वो जानते हैं कि कभी भी वेस्टर्न वाले मामले में मजबूती से आ सकता है अग्रवाल जी का भी नाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत वाले कार्यक्रम को लेकर एक भूमिका तो बन ही चुकी है यार? कोई करे ना करे मगर मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी उनका स्वागत करेंगे जोरदार? कहने वाले ने कहा देखने वाले देखना चाहते हैं यहां पर विधायक जी के अलावा गोपाल अग्रवाल का भी किरदार? आखिर उन्होंने भी तो मुरादनगर पालिका से चुनाव लड़ा था यार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारी आज स्वागत के दौरान दीवारें पुतवाकर दावेदारी ठोंकने वाले चोटीधारी त्यागी जी पर भी रहेगी नजर? वो कितनी भीड़ मौके पर स्वागत के लिए लेकर पहुंचेंगे अपने साथ? कहने वाले ने कहा ये देखना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि उन्होंने पहली पहली बार ठोंकी है दावेदारी? उनकी दावेदारी ठोंकने के बाद प्रदेश अध्यक्ष आ रहे हैं मुरादनगर में पहली बार गाजियाबाद? इसलिए हम करना चाहते हैं आज उनकी ताकत का दीदार और उनके जज्बों का एहसास?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

विधायक संजीव शर्मा के प्रयास रंग लाए यूपीसीडा ने नाला निर्माण कार्यवाही बढ़ाई

गाजियाबाद करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPSIDA) द्वारा जारी पत्र में शहर विधायक संजीव शर्मा के प्रयासों पर संज्ञान लेते हुए जीटी रोड स्थित राठी मिल के पास शुलभ शौचालय से डुंडाहेड़ा अंडरपास पुलिया तक नाले के निर्माण कार्य हेतु संबंधित विभाग को अग्रिम कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

यह पत्र विधायक द्वारा क्षेत्र की जनसमस्याओं को गंभीरता से उठाने और विकास कार्यों के प्रति उनकी सक्रिय कार्यशैली को दर्शाता है। वार्ड-25 के पार्षद कन्हैया लाल के पत्र के क्रम में विधायक ने इस विषय को प्रमुखता से अधिकारियों तक पहुंचाया, जिसके बाद यूपीसीडा ने कार्रवाई प्रक्रिया आगे बढ़ाई। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में जलभराव और नाले की समस्या के स्थायी समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बृज विहार में 1.44 करोड़ के विकास कार्यों का महापौर सुनीता दयाल ने किया उद्घाटन

जलभराव व टूटी सड़कों से मिलेगी राहत

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 68 बृज विहार क्षेत्र के निवासियों को जल्द ही जलभराव और जर्जर सड़कों की समस्या से मुक्ति मिलने वाली है। क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत लगभग 1 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से नाले की आरसीसी दीवार और आरसीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ।

उद्घाटन कार्यक्रम महापौर सुनीता दयाल और क्षेत्रीय पार्षद विनय चौधरी द्वारा किया गया। इस दौरान विकास

कार्यों को लेकर स्थानीय जनता में भारी उत्साह देखा गया। उद्घाटन के अवसर पर महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नगर निगम का मुख्य उद्देश्य शहर के हर वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है। बृज विहार में इस निर्माण कार्य के पूरा होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी और जलभराव की पुरानी समस्या खत्म होगी। पार्षद विनय चौधरी ने क्षेत्रवासियों का आभार जताते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करना ही उनका मुख्य संकल्प है। वार्ड 68 में विकास की यह रफ्तार आगे भी जारी रहेगी। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह, नारायण सिंह, डॉ. आनंद कौशिक, आर.पी. सिंह, उर्वशी, अरुण मास्टर, सुरेंद्र चौधरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। स्थानीय निवासियों ने महापौर और पार्षद का स्वागत कर क्षेत्र के विकास के लिए आभार व्यक्त किया।

बंद फ्लैट में मिला नौकर व बुजुर्ग का शव

हत्या, आत्महत्या या प्राकृतिक मौत पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी जांच

गाजियाबाद, करंट क्राइम : ट्रांस हिंडन क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब थाना शालीमार गार्डन इलाके में डीएलएफ के पास स्थित एक बंद फ्लैट के भीतर दो बुजुर्गों के शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिले। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फ्लैट का दरवाजा खुलवाकर अंदर प्रवेश किया तो दोनों व्यक्ति मृत अवस्था में पड़े मिले।

शवों की स्थिति देखकर अंदेशा लगाया जा रहा है कि मौत करीब दो से तीन दिन पहले हुई होगी। कमरे से दुर्गंध आने के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। मृतकों की पहचान नेम सिंह पुत्र देशराज (करीब 60 वर्ष) और राकेश शर्मा पुत्र सत्यदेव शर्मा (करीब 75 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दोनों के शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं, लेकिन बंद फ्लैट में एक साथ दो लोगों की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी धवल जायसवाल खुद मौके पर पहुंचे

और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाकर फ्लैट से साक्ष्य जुटाए गए।

पुलिस फ्लैट के अंदर मिले सामान, मोबाइल फोन, दवाइयों और अन्य परिस्थितियों की गहन जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुटी है। शुरूआती तौर पर मामला प्राकृतिक मौत का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस हत्या, आत्महत्या, जहरीले पदार्थ के सेवन और अन्य संदिग्ध परिस्थितियों को भी नजरअंदाज नहीं कर रही। यह भी जांच की जा रही है कि दोनों मृतक फ्लैट में अकेले रह रहे थे या घटना से पहले किसी अन्य व्यक्ति की आवाजाही हुई थी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। यदि रिपोर्ट में किसी प्रकार की संदिग्ध बात सामने आती है तो जांच का दायरा और बढ़ाया जाएगा। डीसीपी धवल जायसवाल ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल पूरे घटनाक्रम ने इलाके में दहशत और चर्चा का माहौल बना दिया है।

शुभकामना

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रतिष्ठित कारोबारी तथा भाजपा नेता वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों को जन्मदिन की शुभकामनायें देने के लिए स्थानीय पार्षद तथा निगम कार्यकारिणी के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव शर्मा उनके प्रतिष्ठान पर पहुंचे और उन्हें बधाई और शुभकामनायें दी। इस मौके पर वेदप्रकाश गर्ग के बड़े सुपुत्र उज्जवल प्रकाश गर्ग तथा छोटे सुपुत्र हिमांशु प्रकाश गर्ग भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

चिन्टू जी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

हाईराइज सोसायटी में एसी कंप्रेसर में लगी आग, बड़ा हादसा टला

नोएडा (करंट क्राइम)। गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच हाईराइज सोसायटियों में एयर कंडीशनर फटने और आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामला सेक्टर-75 स्थित एक हाईराइज सोसायटी से सामने आया, जहां एक फ्लैट में एसी के कंप्रेसर में अचानक आग लग गई। हालांकि, सोसायटी के सक्रिय फायर सिस्टम और कर्मचारियों की सतर्कता के चलते समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और बड़ा हादसा टल गया। जनपद गौतमबुद्ध नगर के सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि अग्निशमन विभाग के कंट्रोल रूम को शुक्रवार दोपहर करीब 3:32 बजे सेक्टर-75 स्थित फ्यूटेक गेटवे सोसाइटी के एक फ्लैट में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां तुरंत मौके के लिए रवाना कर दी गईं। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर पाया कि आग प्लॉट नंबर जीएच-10 स्थित टावर ए-1 के एक फ्लैट में लगी थी।

लाल कुंआ पर ट्रैफिक सुधार अभियान तेज, एसीपी रितेश त्रिपाठी ने संभाला मोर्चा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और जाम की समस्या को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है। इसी क्रम में एसीपी ट्रैफिक प्रथम रितेश त्रिपाठी ने शुक्रवार को लाल कुंआ क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रमुख चौराहों, कट प्वाइंट, यू-टर्न और भीड़भाड़ वाले मार्गों पर ट्रैफिक संचालन की स्थिति को बारीकी से परखा। एसीपी ट्रैफिक ने मौके पर मौजूद यातायात पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पीक ऑवर के दौरान किसी भी स्थिति में वाहनों की लंबी कतारें न लगने पाए।

विशेष रूप से दिल्ली, नोएडा और मेरठ की ओर जाने वाले मार्गों पर भारी वाहनों, ई-रिक्शा और अवैध पार्किंग पर सख्त निगरानी रखने को कहा गया।

निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे अतिक्रमण, अव्यवस्थित वाहन खड़े होने और गलत दिशा से आने वाले वाहनों के कारण जाम की स्थिति बनने वाले प्वाइंट भी चिन्हित किए गए। एसीपी ने संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि ऐसे स्थानों पर लगातार अभियान चलाकर यातायात को बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

ट्रैफिक पुलिस का फोकस जाम मुक्त और सुरक्षित सफर

करंट क्राइम : एसीपी ट्रैफिक रितेश त्रिपाठी ने कहा कि लाल कुआँ क्षेत्र गाजियाबाद का अत्यंत व्यस्त यातायात क्षेत्र है, जहां प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है। ऐसे में ट्रैफिक प्रबंधन को और प्रभावी बनाने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। पीक ऑवर में विशेष सतर्कता बरतने, अवैध पार्किंग हटाने और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। आम जनता से भी अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें और पुलिस का सहयोग करें।

आम लोगों को राहत देने की तैयारी

करंट क्राइम : ट्रैफिक विभाग द्वारा लाल कुआँ क्षेत्र में जाम की समस्या कम करने के लिए वैकल्पिक रूट व्यवस्था, बैरिकेडिंग और अतिरिक्त पुलिस बल तैनाती जैसे कदमों पर भी काम किया जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि लगातार निगरानी और सख्ती से आने वाले दिनों में लोगों को यातायात जाम से काफी राहत मिलेगी।